नई दिल्ली
शनिवार, 20 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 100
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 29

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,604.65 | 738.81 |
| निफ्टी | 24,530.90 | 269.95 |

| धातु | कीमत | सस्ता |
|---|---|---|
| सोना | 75,650/- | 750/- |
| चांदी | 93,000/- | 1000/- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 83.66 | 3 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 85.05/ बैरल | 0.07% |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।











## खबर संक्षेप

### नीट केसः एमबीबीएस की छात्रा गिरफ्तार



रांची। सीबीआई ने रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रथम वर्ष की एमबीबीएस छात्रा सुरभि कुमारी को नीट-यूजी प्रश्नपत्र चुराने वाले इंजीनियर के साथ काम करने वाले 'सॉल्वर मॉड्यूल' का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### द्रमुक नेता सादिक की ईडी हिरासत 4 दिन बढ़ी



चेन्नई। चेन्नई की एक अदालत ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के बर्खास्त पदाधिकारी जाफर सादिक की धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत को 4 दिन के लिए बढ़ा दी। उन्हें मार्च में एनसीबी ने मादक पदार्थ तस्करी रैकेट में गिरफ्तार किया था।

### यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य फरार घोषित



लखनऊ। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी पूर्व सांसद बेटी संघमित्रा को एमपी एमएलए कोर्ट ने फरार घोषित कर दिया है। बिना तलाक लिए धोखाधड़ी करके विवाह करने के मामले में दायर केस में लगातार पेशी पर नहीं आ रहे हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर डाउन...एक बग और 50 साल पीछे चली गई दुनिया

# दुनियाभर में 'हड़कंप'

## भारत समेत कई देशों में एयरलाइंस, टीवी बैंकिंग और कई कॉर्पोरेट कंपनियां सब ठप

### इंडिगो की 192 फ्लाइट रद्द, रिफंड या दोबारा बुक करने का विकल्प भी नहीं

एयरलाइन इंडिगो ने 192 फ्लाइट रद्द कर दी हैं और सभी फ्लाइट की लिस्ट शेयर की है। इन फ्लाइट के लिए रिफंड या दोबारा बुक करने का विकल्प भी फिलहाल उपलब्ध नहीं है। कई यात्रियों को यह सूचना तक नहीं मिली कि उनकी फ्लाइट रद्द हो चुकी है। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।

**भारत सरकार कंपनी के संपर्क में**

1 आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार वैश्विक आउटेज को हल करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के संपर्क में है

2 इस आउटेज का कारण पहचान लिया गया है और इस मुद्दे को हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं

3 सीईआरटी टेक्निकल एडवाइजरी कर रहा है, वैश्विक आउटेज का असर एनआईसी नेटवर्क पर नहीं पड़ा है

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट का शुक्रवार को सर्वर डाउन हो गया, जिसकी वजह से दुनियाभर में हड़कंप मच गया है। भारत समेत कई देशों में एयरलाइंस, टीवी, बैंकिंग और कई कार्पोरेट कंपनियों पर भी असर पड़ा है। वहीं, अब भारत के आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार वैश्विक आउटेज को हल करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के संपर्क में है।

उन्होंने कहा कि इस आउटेज का कारण पहचान लिया गया है और इस मुद्दे को हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने बताया कि सीईआरटी टेक्निकल एडवाइजरी कर रहा है। वैष्णव ने बताया कि वैश्विक आउटेज का असर एनआईसी नेटवर्क ▶▶शेष पेज 7 पर



**क्राउडस्ट्राइक के सीईओ ने बताया क्यों ठप हुई माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं?**

### साइबर अटैक या सिक्योरिटी इंसिडेंट नहीं

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉर्ज कुट्र्ज ने बताया है कि परेशानी की असली वजह क्या है और इससे कैसे निपटा जा रहा है। जॉर्ज कुट्र्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर तकनीकि खामी की असली वजह बताई। उन्होंने यह भी बताया कि जिस वजह से समस्या आई थी, ▶▶शेष पेज 7 पर

### एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए मैन्युअल चेक-इन का सहारा लिया



भारत में विस्तारा, इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा एयर को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे बुकिंग, चेक-इन और फ्लाइट अपडेट प्रभावित हो रही हैं। एयरलाइन्स ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अब इन एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए मैन्युअल चेक-इन का सहारा लिया है। इस बीच, भारतीय एयरलाइंस ने अपने सिस्टम को प्रभावित करने वाली मौजूदा गड़बड़ी पर बयान जारी किया। अकासा एयरलाइंस के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे सेवा प्रदाता के साथ बुनियादी ढांचे के मुद्दों के कारण, बुकिंग, चेक-इन और बुकिंग सेवाओं के प्रबंधन सहित हमारी कुछ ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप ▶▶शेष पेज 7 पर

**सभी भारतीय सुरक्षितः विदेश मंत्रालय**

## बांग्लादेश में जारी प्रदर्शन उसका आंतरिक मामला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली



सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शनों को भारत ने बांग्लादेश का आंतरिक मामला बताते हुए कहा है कि मौजूदा हालात के बीच वहां रह रहे सभी 15 हजार भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। इनमें 8 हजार 500 छात्र शामिल हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर पूरी स्थिति की गंभीरता के साथ निगरानी कर रहे हैं। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा इस मामले पर पूछे गए सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में चल रहे प्रदर्शनों की वजह से वहां तनाव है। फिलहाल वहां हमारे कुल 15 हजार भारतीय नागरिक रह रहे हैं। इनमें से साढ़े आठ हजार छात्र भी शामिल हैं। इनमें से कुछ मेडिकल की शिक्षा ले रहे हैं। भारत ने एहतियातन अपने नागरिकों को एक जगह से दूसरी जगह पर आवाजाही से बचने के लिए परामर्श जारी किया है। इसके अलावा हमने बांग्लादेश में अपने नागरिकों को उच्चायोग के लगातार संपर्क में बने रहने की अपील की है। वहां पर संवाद को लेकर जो भी सुविधाएं (मोबाइल फोन, इंटरनेट) हैं, वो ठीक से काम कर रही हैं। उन्हीं के जरिए हम अपने लोगों से जुड़े हुए हैं।

## ओमान के समुद्र में डूबे तेल टैंकर में सवार 6 लापता लोगों की तलाश जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली




इस सप्ताह की शुरुआत में ओमान के समुद्र में डूबे कोमोरोस के ध्वज वाले एक तेल टैंकर एमवी प्रेस्टीज फाल्कन के चालक दल में शामिल 6 लापता लोगों को ढूंढने के लिए भारतीय नौसेना का ओमान की समुद्री सुरक्षा केंद्र के साथ राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि यह जहाज पिछले 15 जुलाई को ओमान के रस मदरका से दक्षिण पूर्व में 25 समुद्री मील की दूरी पर डूबा था। तब उसमें चालक दल के कुल 16 सदस्य सवार थे। इनमें 13 भारतीय और 3 श्रीलंका के नागरिक शामिल हैं। मध्य पूर्व में अपनी नियमित रणनीतिक तैनाती के लिए मौजूद नौसेना के युद्धपोत आईएनएस तेग और लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई ने ओमान के सुरक्षा केंद्र के साथ मिलकर इस हादसे में लापता हुए लोगों की तलाश के लिए यह अभियान चलाया हुआ है। इसकी वजह से अब तक कुल 9 लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है। इनमें 8 भारतीय और 1 श्रीलंका का नागरिक शामिल है। उधर, बीते गुरुवार ▶▶शेष पेज 7 पर

## अमेरिका में भारत के राजदूत होंगे पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा की अमेरिका में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्ति कर दी है। वह जल्द ही वाशिंगटन में अपना कार्यभार संभालेंगे। अमेरिका में भारतीय राजदूत का यह पद जनवरी-2024 से पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू की सेवानिवृत्ति के बाद से बीते करीब छह महीने से रिक्त ▶▶शेष पेज 7 पर

## पीएम मोदी से मिले नायब, हाल ही में लिए फैसलों की दी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली



हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम आवास पर शुक्रवार को हुई मुलाकात के दौरान सीएम ने हरियाणा में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पीएम ने सीएम से अग्निवीर व प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए चलाई जा रही ▶▶शेष पेज 7 पर

## इस बार के स्वतंत्रता दिवस की थीम होगी 'विकसित भारत'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

इस वर्ष भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। इसका संबंध सरकार के सुधारों के विजन के साथ देश को वर्ष-2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने से है। यह जानकारी शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में एक पोस्टर को भी शेयर किया है। जिसमें लाल किला और विकसित भारत का नारा दर्शाया गया है। वर्ष 2047 में भारत अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा।

**भारत-यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच हुई वार्ता**

## 'रणनीतिक स्वायत्तता' के मुद्दे पर अमेरिका को भारत की दो टूक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच रूस में हुई हालिया द्विपक्षीय बैठक के बाद भारत के संदर्भ में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी द्वारा दिए गए संघर्ष के समय पर रणनीतिक स्वायत्तता के मायने खत्म होने के बयान पर शुक्रवार को भारत ने स्पष्ट रूप से अपना रुख साफ किया है।


फाइल फोटो

राजधानी में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बाकी देशों की तरह ही भारत के लिए उसकी रणनीतिक स्वायत्ता कीमती है और हम उसका मान रखते हैं। अमेरिका के राजदूत को अपने विचार रखने का अधिकार है। लेकिन हमारे भी अपने अलग विचार हैं। अमेरिका के साथ भारत की व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी हमें यह स्वतंत्रता प्रदान करती है कि एक-दूसरे के विचारों और नजरिए का सम्मान करते हुए हम कुछ मुद्दों पर अपनी सहमति और असहमति जता सकते हैं। दरअसल एरिक गार्सेटी ने कहा था कि वह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का सम्मान करते हैं। लेकिन संघर्ष के समय पर इसका कोई अर्थ नहीं है। युद्ध और ▶▶शेष पेज 7 पर

### पीएम मोदी ने दिया था शांति का संदेश

उल्लेखनीय है प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच हुई बैठक में द्विपक्षीय भागीदारी से जुड़े हुए कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा भारतीय प्रधानमंत्री ने रूस सहित समूची दुनिया को युद्ध के बीच शांति स्थापित करने के लिए यह संदेश दिया था कि लड़ाई के बीच शांति युद्धक्षेत्र में स्थापित नहीं की जा सकती है। निर्दोष लोगों का मारा जाना पीड़ादायक है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। समस्या का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकाला जा सकता है।





**DELHI:** **Crystal Toyota** (Shahdara) Ph: 8447449459; **Espirit Toyota** (Mathura Road) Ph: 7290095001, 9654999635, 1800 103 5686; **Galaxy Toyota** (Moti Nagar) Ph: 011-41877777, 8448293658; **Galaxy Toyota** (Lajpat Nagar) Ph: 011-46577777, 9599788513; **Galaxy Toyota** (Shalimar Place) Ph: 011-40011111, 9599788514; **Galaxy Toyota** (Chattarpur) Ph: 011-66763666, 9870191014; **Galaxy Toyota** (Dwarka) Ph: 011-43477777, 7838193193; **Galaxy Toyota** (Narela) Ph: 9999534551; **MGF Toyota** (Raja Garden) Ph: 9711303021, 9810193712; **FARIDABAD:** **Thirty Six Toyota** (Main Mathura Road) Ph: 0129-4293636, 8800333636; **Thirty Six Toyota** (Hathin) Ph: 7988274475; **Thirty Six Toyota** (Hodal) Ph: 8826600836; **Thirty Six Toyota** (Tigaon) Ph: 8800790130; **GR. NOIDA:** **Espirit Toyota** (Kasna) Ph: 7290095001, 9654999635, 1800 103 5686; **Espirit Toyota** (Sikandrabad) Ph: 7290095001; **Espirit Toyota** (Bulandshahr) Ph: 7290095001; **GURUGRAM:** **IJM Toyota** (Gurugram Sohna Road) Ph: 9512295122, 9289670701; **IJM Toyota** (Pataudi) Ph: 9512295122; **IJM Toyota** (Sohna) Ph: 9512295122; **MGF Toyota** (MGF Mega City Mall) Ph: 9910067020, 9818899964, 7428534708; **MGF Toyota** (Global Foyer Mall) Ph: 0124-4596800, 9810922552, 9899907309; **MGF Toyota** (Sec-50) Ph: 0124-4415566, 8527565522, 9999798428; **MGF Toyota** (Farrukh Nagar) 9599121800; **NOIDA:** **Espirit Toyota** (Sec-8) Ph: 7290095001, 9654999635, 1800 103 5686

* Terms & conditions apply on all schemes & offers. Offer valid till 31st July, 2024. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/Extended Warranty/Other benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Finance at the sole discretion of Financier. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. **Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard Test Conditions. Actual Mileage on road may vary. ^Ex-showroom Price. #Complimentary 3 years /1 00 000 km Manufacturer Warranty + 2 years Extended Warranty. Accessories shown may not be part of standard equipment. SUNDAY OPEN

# डीएसईयू ने फीस में छूट वापस ली, 'फीस न भरने वाले छात्रों' को परीक्षा से रोका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) को फीस में दी जाने वाली 20 फीसदी छूट और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को दी जाने वाली 10 फीसदी छूट वापस ले ली। विश्वविद्यालय के इस फैसले के बाद प्रभावित विद्यार्थियों के बीच चिंता बढ़ गयी है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि वे सिर्फ फीस में दी जाने वाली छूट वापस लेने से ही चिंतित नहीं हैं, बल्कि हाल ही में बढ़ाई गयी फीस और फीस न दे पाने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा देने से रोकने के फैसले ने भी उनकी चिंता बढ़ा दी है।

## फीस में नौ गुना तक की वृद्धि

विश्वविद्यालय के छात्र संघ 'आवाज' ने बताया कि डीएसईयू ने 2024-25 शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस विद्यार्थियों को दी जाने वाली फीस में छूट वापस ले ली और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को छोड़कर अपने 80 से ज्यादा पाठ्यक्रमों में से ज्यादातर की फीस में नौ गुना तक की वृद्धि कर दी। फीस वृद्धि और एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस विद्यार्थियों को दी जाने वाली छूट वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर डीएसईयू के कुलपति अशोक कुमार नागावत ने बताया कि विश्वविद्यालय के पास धन की कमी और वित्तीय बोझ को ध्यान में रखते हुए वित्त समिति ने इसकी सिफारिश की थी, जिसके बाद फीस में वृद्धि की गयी। उन्होंने बताया कि समिति की अगली बैठक 31 जुलाई को होगी और बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। वेबसाइट पर उपलब्ध बुलेटिन के अनुसार, बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की फीस 2023-2024 में 29,700 रुपये थी, जिसे बढ़ाकर लगभग 1.10 लाख रुपये प्रति वर्ष (अन्य वार्षिक शुल्क सहित) कर दिया गया। वहीं बीएससी डेटा एनालिटिक्स (पिछली फीस 41,580 रुपये) और बैचलर ऑफ कंप्यूटर साइंस (पिछली फीस 34,940 रुपये) जैसे अन्य पाठ्यक्रमों में भी फीस में इतनी ही वृद्धि की गई है। बुलेटिन के मुताबिक, "फीस में 10 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की जाएगी। छमाही फीस उसी आधार पर निर्धारित होगी। छात्र संगठन ने आरोप लगाया कि 17 जून को विश्वविद्यालय ने फीस न दे पाने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों की एक सूची जारी कर उन्हें अंतिम सत्र की परीक्षा में बैठने और कक्षाएं लेने से रोक दिया।

## विश्वविद्यालय के फैसले के बाद प्रभावित विद्यार्थियों में चिंता बढ़ी




## छात्र से कहा-अगले सेमेस्टर के लिए और 28,500 रुपये जमा कराओ

'आवाज' ने दावा किया कि यह सूची प्रशासन के आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप पर जारी की गई, जिसे संबंधित परिसर निदेशकों ने विद्यार्थियों के साथ साझा किया। कई विद्यार्थियों ने फीस में बढ़ोतरी तथा छूट खत्म किये जाने से परेशानी और बढ़ने की शिकायत की। डीएसईयू के एक परिसर में एससी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एक विद्यार्थी ने बताया कि मेरे पिता दिहाड़ी मजदूरी का काम किया करते थे, लेकिन अब वह बूढ़े हो चुके हैं, जिसके कारण काम करने में असमर्थ हैं। मेरी मां एक दिव्यांग महिला हैं और मेरा छोटा भाई भी अभी पढ़ाई कर रहा है। इसलिए मेरे परिवार में कोई और कमाने वाला नहीं है। उसने बताया कि मैंने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएससीएफडीसी) से ऋण के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसमें बहुत वक्त लग रहा है। शायद, इसलिए मुझे कॉलेज छोड़ना पड़ेगा। एक अन्य विद्यार्थी ने दावा किया कि फीस न दे पाने की वजह से पिछले महीने मुझे परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। मेरे परिवार ने किसी तरह लोगों से पैसे उधार लेकर फीस का इंतजाम किया। अब विश्वविद्यालय ने मुझसे अगले सेमेस्टर के लिए और 28,500 रुपये जमा कराने को कहा है। मैं कैसे इंतजाम करूं। उसने कहा कि मैं प्रशासन से अनुरोध करना चाहता हूं कि पढ़ाई जारी रखने के लिए मुझे फीस में छूट दी जाए या फिर छात्रवृत्ति दी जाए। कुलपति नागावत ने बताया कि हमने कुछ पाठ्यक्रमों की फीस बढ़ाई है, खासकर उन पाठ्यक्रमों की, जिनकी बाजार में काफी मांग है, जैसे कंप्यूटर विज्ञान और डेटा एनालिटिक्स ताकि विद्यार्थियों का खर्च पूरा किया जा सके।

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, पांच मरीज और दो किडनी डोनर भी पकड़े

# किडनी रैकेट में सरगना समेत आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक और किडनी प्रत्यारोपण कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गैंग से जुड़े आठ लोगों को अरेस्ट किया गया है। आरोपियों में गिरोह का सरगना भी शामिल है। यह गिरोह दिल्ली, यूपी, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात में सक्रिय था। इस रैकेट द्वारा करवाये गये कई प्रत्यारोपण का खुलासा हुआ है। पुलिस इनसे पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है।

क्राइम ब्रांच ने इनकी निशानदेही पर पांच मरीज और दो किडनी डोनर भी पकड़े है। कुल 15 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार गिरोह से जुड़े लोग दिल्ली, फरीदाबाद, मोहाली, पंचकुला, आगरा, इंदौर और गुजरात के विभिन्न अस्पतालों में किडनी रोग से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उनसे संपर्क साधते थे। उनसे बात कर किडनी प्रत्यारोपण कराने की इच्छा जानते थे। जो मरीज इनकी मांग के अनुसार पैसे देने के लिए तैयार हो जाते थे उनकी किडनी प्रत्यारोपित करवा दी जाती थी। आरोपी सोशल मीडिया के जरिये भी किडनी देने के इच्छुक लोगों से संपर्क करते थे। उनकी खराब आर्थिक पृष्ठभूमि का फायदा उठाकर उन्हें किडनी देने के लिए तैयार किया जाता था। एक किडनी के बदले पांच से छह लाख रुपये का भुगतान दानदाता को किया जाता था।

### जाली कागजात तैयार करवाते थे

मरीजों व दानदाताओं को करीबी रिश्तेदार या परिवार का सदस्य दिखाने के लिए ये लोग उनके जाली दस्तावेज तैयार करते थे, क्योंकि यह अनिवार्य प्रावधानों में से एक है। फर्जी दस्तावेज होने का किसी को संदेह न हो इससे बचने के लिए दाता और रोगी को दूसरे राज्य के अस्पताल में प्रत्यारोपण कराने के लिए दूसरे राज्य के निवासी के रूप में दिखाया जाता था। जाली दस्तावेजों के आधार पर उनकी प्रारंभिक चिकित्सा जांच करवाई जाती थी और विभिन्न अस्पतालों में प्रत्यारोपण प्राधिकरण समिति की जांच में उत्तीर्ण होने की व्यवस्था की जाती थी। अब तक यह बात सामने आई है कि सिंडिकेट ने अलग-अलग राज्यों के 11 अस्पतालों में किडनी प्रत्यारोपण कराने में सफलता हासिल की थी। किडनी प्रत्यारोपण कराने वालों से गिरोह के सदस्य 35 से 40 लाख रुपये तक वसूलते थे। गिरोह सदस्यों के पास से जाली मुहरें, विभिन्न अस्पतालों और प्रयोगशालाओं के बलैंक कागजात, मरीजों और किडनी प्रत्यारोपण के दाताओं की जाली फाइलें और अन्य महत्वपूर्ण जाली दस्तावेज सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

### 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

क्राइम ब्रांच को कुछ माह पहले रैकेट के बारे में सूचना मिली थी। दरअसल एक महिला शिकायतकर्ता ने संदीप और विजय कुमार कश्यप उर्फ सुमित के खिलाफ शिकायत दी थी। बताया कि किडनी प्रत्यारोपण कराने के लिए उनके पति से 35 लाख की धोखाधड़ी की गई है। जांच शुरू हुई और 26 जून को तकनीकी निगरानी की मदद से लखनऊ के रहने वाले सुमित उर्फ विजय कश्यप को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से बड़ी संख्या में जाली दस्तावेज बरामद हुये। इससे पूछताछ के बाद 28 जून को संदीप आर्य और देवेंद्र को गोवा के एक पांच सितारा होटल से पकड़ा। दोनों उत्तराखंड के रहने वाले हैं। आगे की जांच में आरोपियों की निशानदेही पर इनके पांच अन्य सहयोगियों पुनीत कुमार, मोहम्मद हनीफ शेख, चीका प्रशांत, तेज प्रकाश और रोहित खन्ना उर्फ नरेंद्र को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा किडनी प्रत्यारोपण कराने वाले पांच मरीजों और दो डोनर की भी पहचान की गई। इन सबके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की गई है। मामले में कुल 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। पुलिस ने इस गिरोह द्वारा किडनी प्रत्यारोपण कराने वाले 34 मरीजों की पहचान की है। आगे की जांच अभी जारी है।

# दो किलो सोना व 35 लाख की लूट में वांटेड दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने सोना और कैश लूट के मामले में वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसे कोर्ट भी भगौड़ा घोषित कर चुका था। गिरफ्तार आरोपी का नाम सनी मलिक उर्फ सनी बताया गया है। आरोपी रघुवीर नगर और ख्याला इलाके में वारदात कर चुका था। इसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर लूटपाट को अंजाम दिया था। डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि लक्ष्मी नगर निवासी केस का शिकायतकर्ता एक सर्राफा व्यापारी था। उनकी चांदनी चौक में आभूषण की दुकान थी। आरोप लगाया कि 22 जुलाई 2020 को दोपहर लगभग 1:30 बजे वह अपने बेटे के साथ चांदनी चौक स्थित अपनी दुकान के लिए कार से निकला था। कार उनका बेटा चला रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनके पास 1.503 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें और 4,50,000 नकद थे। दोपहर करीब 1:35 बजे जब वे राजघाट की ओर पुश्ता रोड, यू-टर्न, गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर पहुंचे, तो अचानक एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार ने उनकी कार को ओवरटेक किया। जिससे उन्हें कार रोकने पर मजबूर होना पड़ा। इसी दौरान पीछे से एक सेंट्रो कार ने उनका रास्ता रोक लिया। दो लोगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया और क्राइम ब्रांच ऑफिस आने को कहा। इसके बाद उक्त लोगों ने पिता पुत्र को उनकी कार से अगवा कर लिया। कारों को दरियागंज से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक दिल्ली की अलग-अलग सड़कों पर घुमाते रहे और आखिर में उन्हें बाहरी रिंग रोड पर बुराड़ी के पास ले गए। उन्होंने उन्हें कार से बाहर निकाला और सोने की छड़ें और नकदी से भरा उनका बैग लूट फरार हो गये। जांच के दौरान 14 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उनसे 2 किलो सोना और 35 लाख रुपये कैश व अपराध में इस्तेमाल की गई दो कारें पहले ही बरामद हो चुकी थी। आरोपी सनी लगातार 4 साल से फरार चल रहा था। अब इसे बक्करवाला जेजे कॉलोनी में छापा मारकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि शिकायतकर्ता ने रकम और सोने की सही जानकारी नहीं दी थी।

# ठगी करने वाले गिरोह को उपलब्ध करवाता था खाते, धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने ऑनलाइन निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह से जुड़े एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। इस पर ठगी करने वाले गिरोह को फर्जी कागजातों पर खोले गये बैंक खाते उपलब्ध करवाने का आरोप है। इसके एवज में इसे अच्छा कमीशन प्राप्त होता था। आरोपी के खिलाफ गृह मंत्रालय के पोर्टल पर ठगी की कई शिकायतें लिंक मिली हैं।

डीसीपी रोहित मीना के अनुसार गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के गांव पंजू सराय निवासी इसरार अली (23) है। इसरार द्वारा जालसाजी व ठगी करने वाले गिरोह को उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में 26 लाख 40 हजार 820 रुपये ट्रांसफर किये गये थे। पुलिस ने इसके पास से मोबाइल, तीन एटीएम किट और चेक बुक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में इसरार ने बताया कि वह अभी तक गिरोह को 12 बैंक खाते फर्जी दस्तावेजों पर खुलवा उपलब्ध करवा चुका है। हर खाते पर उसे 15 हजार रुपये मिलते थे। गत माह साइबर थाने को पालम गांव के साध नगर निवासी दीपक कुमार ने ठगी की शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया था कि एक युवती ने उनके पास कॉल कर वर्क फ्रॉम होम का ऑफर दिया था। उसने कहा कि डिटेल्स आगे कंपनी को भेजी रही है जो उनसे संपर्क करेगी। उसी दिन दीपक के पास एक अन्य नंबर से कॉल आई। उसने पीड़ित से कहा कि वह ऑनलाइन निवेश कराते हैं। इस पर भारी मुनाफा मिलता है। इसके बाद पीड़ित ने कुछ पैसा निवेश कर दिया। फिर जालसाजों ने उन्हें मुनाफा भेजा। इस पर दीपक को भरोसा हो गया। उसने मोटी रकम का निवेश कर दिया। इसके बाद शातिरों ने उन्हें एक रुपया भी नहीं भेजा। तब जाकर उसे ठगी का पता चला। जालसाजों ने उससे 26 लाख से ज्यादा रुपये ठग लिए थे। मामले की जांच में पता चला कि ठगी की रकम कई खातों में ट्रांसफर की गई है। ढाई लाख रुपये नोएडा के सेक्टर-44 स्थित खजूर कॉलोनी निवासी मोहम्मद बिलाल के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। पूछताछ में उसने बताया कि उसके दोस्त इसरार अली ने नौकरी दिलाने की बात कहकर बैंक खाता खुलवाया था। आरोपी इसरार खाते की किट अपने साथ ले गया था। इसके बाद पुलिस ने इसरार को गिरफ्तार कर लिया।


## गुमशुदा की तलाश


प्रियंका

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह महिला (फोटो में दर्शायी गयी है) जिसका **नामः प्रियंका, पत्नीः दिलीप कुमार गुप्ता, निवासीः मकान नंबर-M-82B, गली नंबर-20, सादतपुर एक्सटेंशन, दिल्ली अपने बेटे शिवाय (उम्र 6 वर्ष) और बेटी सौम्या (उम्र 2 वर्ष)** सहित **दिनांक 16.07.2024** को अपने घर से **शाम 7:00 बजे** से अपहरण/लापता हो गये हैं। इस संबंध में **GD No.118A दिनांक 16.07.2024** के तहत **थाना ख़जूरी खास, दिल्ली** में मामला दर्ज किया गया है।

**उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:-**

**लिंगः** महिला, **उम्रः** 28 वर्ष, **ऊंचाईः** 5'3", **कदः** मध्यम, **रंगः** सांवला, **चेहराः** लंबा, **पहनावाः** काले रंग की साड़ी और पैरों में चप्पल।

स्थानीय पुलिस द्वारा लापता महिला और उनके बच्चों का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है।

यदि किसी को इस महिला और उनके बच्चों के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना ख़जूरी खास, दिल्ली**
**फोन नं.: 8780870727, 9210394782**

**DP/9377/NE/2024**

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **अज्ञात पुत्र अज्ञात**, निवास तथा परिवार **अज्ञात, उम्र** लगभग **30-32 वर्ष**, जो **दिनांक 12.07.2024 को रेलवे कॉलोनी के सामने फुटपाथ पर, बुल्वर्ड रोड, दिल्ली** में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. **64-ए**, **दिनांक 12.07.2024 को थाना सिविल लाइंस, उत्तरी जिला, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। मृतक के शव को 72 घंटे तक सब्ज़ी मण्डी के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** लगभग 30-32 वर्ष, **कदः** 5' 6" फीट, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** हल्के हरे रंग की शर्ट और ग्रे रंग की पैंट पहने हुए है।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:-

**थाना प्रभारी**
**थाना सिविल लाइंस, दिल्ली**
**फोनः 011-23815444/0633**
**मो. नं. 8750870127**

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/9430/N/2024**


# मुंडकाः ऑफिस में घुसकर लूटपाट करने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी जिले के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड ने मुंडका में एक ऑफिस में घुसकर पिस्टल के बल पर लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक फ्रेंड्स एंक्लेव सुल्तानपुर माजरा का रहने वाला है। वह पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी जिमी चिरम ने बताया कि 6 जुलाई को मुंडका इलाके में लूटपाट की वारदात हुई थी। धीरज का हिरण कूदना गांव में प्लाईवुड का गोदाम है। दोपहर करीब 1:30 बजे तीन बदमाश उनके ऑफिस पर पहुंचे। उन्होंने अपने चेहरे को ढके हुये थे। उनके हाथ में पिस्टल था और वह गोदाम के ऑफिस से 15 से 28 हजार रुपये लूटपाट कर फरार हो गए। मामले में मुंडका थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। जिस रूट से होकर बदमाश भागे थे। उस रूट पर करीब 200 सीसीटीवी फुटेज को चेक करने के बाद मामले में एक संदिग्ध के बारे में पुलिस टीम को पता चला और फिर सुल्तानपुर माजरा गंदा नाला के पास ट्रैप लगाकर उसे गिरफ्तार किया गया। इसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों के बारे में पुलिस टीम पता लगा रही है।

# बिल्डर की फॉर्च्यूनर कार पर फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका जिले के बिंदापुर इलाके में एक बिल्डर की फॉर्च्यूनर कार पर फायरिंग का मामला सामने आया है। बिल्डर की कार गली में खड़ी थी। उनकी कार का एक शीशा टूटा मिला है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 जुलाई की सुबह बिंदापुर थाने को गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और पूछताछ की। शिकायतकर्ता प्रेम सिंह ने बताया कि उन्हें सफाई करने वाले एक कर्मचारी से उनकी फॉर्च्यूनर कार के टूटे हुए शीशे के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद जब उन्होंने अपनी कार देखी तो उन्हें एक शीशा टूटा मिला। गोली का खोल कार के अंदर पड़ा था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। घटनास्थल पर निरीक्षण के लिए एफएसएल विशेषज्ञों के साथ क्राइम टीम भी पहुंची। प्रेम सिंह का द्वारका में कंस्ट्रक्शन का कारोबार है। धारा 125 बीएनएस, 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।





हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
अब बिना टेंशन घर बैठे
₹3000 मासिक पेंशन पाते हैं
30.69 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को
परिवार पहचान-पत्र के माध्यम से घर बैठे सीधे खाते में
कुल ₹11,040 करोड़ वार्षिक पेंशन
हरियाणा विधुरों व अविवाहितों को
पेंशन देने वाला एकमात्र राज्य
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ जीवन के लिए पौधरोपण आवश्यक



**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत टिपरचंद शर्मा ने प्राचीन हनुमान मंदिर सेवा समिति सेक्टर 22 के अध्यक्ष मुख्य तकनीकी निदेशक, इंटरनेशनल कराटे मास्टर इंटरनेशनल पॉलीटिकल एडवाइजर प्रो. गंगेश तिवारी आदि के साथ मिलकर सेक्टर-10 में पौधरोपण किया।

### विवाद के बाद जीजा की हत्या कर शव जलाया

**गुरुग्राम।** सेक्टर-15 पार्ट-1 में युवक ने अपने जीजा की हत्या कर शव जलाने का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 35 वर्षीय गोरेलाल उर्फ हल्ला राजमिस्त्री था। गोरेलाल साथियों के साथ अपने साले राजेश से मिलने आया था। जहां उन्होंने शराब पी और उनका किसी बात पर विवाद हो गया था।



### गोली मारकर युवक की हत्या के मामले में उम्रकैद

**गुरुग्राम।** सिही गांव में पांच साल पहले गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में एडिशनल सेशन जज तरुण सिंघल की अदालत ने मृतक की पत्नी व एक अन्य युवक को उम्रकैद व दस-दस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने युवक को शस्त्र अधिनियम के तहत दो वर्ष की कैद व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।



### मनी ट्रांसफर करवाकर दुकानदार को लगाई चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम थाना वेस्ट में युवक ने दुकानदार से मनी ट्रांसफर करवाने के नाम पर 11 हजार 400 रुपए की चपत लगा दी। मनी ट्रांसफर के अलावा आरोपी ने सामान भी खरीदा और पेमेंट करने के नाम पर भाग गया। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिवांक ने कहा कि आरोपी ने स्कैनर देकर 10 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए।




### 7 नाबालिग बच्चों को भीख मांगते हुए किया रेस्क्यू



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट ने कार्रवाई करते हुए 7 बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। अपराध शाखा कैट ने टाउन पार्क सेक्टर-12 व अजरोंदा चौक से 7 नाबालिग बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है। सभी बच्चों की उम्र 5 से 12 वर्ष के है। बच्चों व उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कराई करवाकर बच्चे सौंपे गए।

### घर में चोरी करने वाले 2 को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने घर से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में पिंटू और रिक्की कुमार का नाम शामिल है। दोनों आरोपियों को अपराध शाखा टीम ने सेक्टर-8 सूरदास पार्क एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 2 लैपटॉप, 2 लैपटॉप चार्जर व एक एलईडी टीवी व एक सीडी प्लेयर बरामद हुए हैं।



## भाजपा के चार के बजाय आठ ने दाखिल किया नामांकन

# नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में तार-तार हुआ भाजपा का अनुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम की कार्यकारिणी के छह पद खाली हुए थे। जिनपर चुनाव के लिए शुक्रवार को निगम सदन की बैठक बुलाई गई थी। कार्यकारिणी के छह पदों को भरने के भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और मेयर के साथ संगठन की बैठक में चार प्रत्याशियों के नाम तय किए गए थे।

गाजियाबाद नगर निगम में पूर्ण बहुमत होने के बावजूद कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा पार्षदों ने जमकर अनुशासनहीनता की। कार्यकारिणी के लिए भाजपा संगठन ने चार पार्षदों के नाम तय किए थे, लेकिन जब चुनाव हुए तो आठ पार्षदों ने नामांकन कर दिया। जिसको लेकर खूब हंगामा हुआ। महापौर व संगठन के सख्त रुख के बाद भाजपा के दो पार्षदों ने नामांकन वापस ले लिए लेकिन दो पार्षद चुनाव लड़ने के लिए अड़े रहे। महापौर के नाम वापस लेने का समय बढ़ाने के बाद भी जब बात नहीं बनी तो महापौर को बैठक स्थगित करने की घोषणा करनी पड़ी। महापौर ने शनिवार को होने वाली बैठक को भी स्थगित कर दिया।

**खास बातें**

- पार्टी से निष्कासन करने की चेतावनी के बाद भी कोई बात मानने को तैयार नहीं
- भाजपा पार्षदों के अड़ियल रवैए के सामने भाजपा की रणनीति धरी रह गई



### मान मनौव्वल के बाद पार्षद संजय ने नामांकन लिया वापस

बड़े मान मनौव्वल के बाद केवल इंदिरापुरम के भाजपा पार्षद संजय सिंह ने नामांकन वापस लिया। यह स्थिति तब रही जब मेयर ने चेतावनी तक जारी कर दी थी जिन अनाधिकृत उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस न लिए तो भाजपा से निष्कासन करा दिया जाएगा। वैशाली से पार्षद नीलम भारद्वाज पर मेयर ने नामांकन वापस लेने का दवाब बनाया तो माहौल बिगड़ गया। नीलम भारद्वाज ने भरे सदन में धमकाने का आरोप लगाते हुए चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया और सदन से वॉकआउट कर गईं।

### कार्यकारिणी के 6 पद हैं खाली

नगर निगम की कार्यकारिणी के छह पद खाली हुए थे। जिनपर चुनाव के लिए शुक्रवार को निगम सदन की बैठक बुलाई गई थी। कार्यकारिणी के छह पदों को भरने भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और मेयर के साथ संगठन की बैठक में चार प्रत्याशियों के नाम तय किए गए थे। बाकायदा उम्मीदवारी का पत्र भी इन चार पार्षदों को जारी किया गया था लेकिन शुक्रवार को नामांकन का समय हुआ तब आठ भाजपा पार्षदों ने नामांकन दाखिल कर दिए। बड़ी बात यह भी रही कि महापौर की ओर से पार्टी से निष्कासन कराने की चेतावनी जारी करने के बाद भी कोई उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुआ। हालांकि दो पार्षदों ने नाम वापस ले लिए।

## सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना

# एमएसएमई व आईएचएम की ओर से जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



उपायुक्त विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में इकाइयों को प्रफुल्लित करने की योजना के तहत जिला एमएसएमई केंद्र, फरीदाबाद की तरफ से होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) फरीदाबाद में एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता कैंप लगाया गया। इस कैंप में संबंधित संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया। इस मौके पर जिला एमएसएमई केंद्र, बागवानी विभाग, जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, डीडीएम नाबार्ड और ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम के अधिकारी विशेष जानकारी देने पहुंचे।

### खाद्य प्रसंस्करण से रोजगार सृजन की जानकारी दी

संयुक्त निदेशक, जिला एमएसएमई दिनेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से रोजगार सृजन एवं आर्थिक लाभ करए आर्थिक क्रांति संभव है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना जो पिछले 3 वर्षों से चल रही है जिसमें लोगों को लघु उद्योग के बारे में जानकारी दी जाती है और छोटे उद्योगों को खोलने के लिए विशेष जागरूकता कैंप लगाए जाते हैं।

### सभी विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर अलग-अलग सरकारी विभागों से प्रधानाचार्य होटल प्रबंधन संस्थान डॉ. श्वेता, बागवानी विभाग से डॉ. बिनीत यादव, जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक, डॉ. हरिओम शर्मा, डीडीएम नाबार्ड मयंक सिंह, पशुपालन एवं डेयरी विभाग से डॉ. अमनजीत पाराशर, प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन मुख्यालय पंचकूला से प्रदीप शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली का निशाना बना बदमाश, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इंदिरापुरम पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गोली लगने से घायल बदमाश को गिरफ्तार किया है। जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। बदमाशों ने वसुंधरा सेक्टर-3 में पांच जुलाई को चेन छीनी थी। छिनैती के दौरान गिरकर वृद्धा घायल हो गई थी। पुलिस ने आरोपित के पास से तमंचा बरामद किया है।

**बाइक पर आते दिखे थे संदिग्धः** सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान अपाचे बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखे। उन्होंने रुकने का इशारा किया तो वह मुड़कर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी किया तो उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। एक आरोपित को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपित विजयनगर का शादाब है।



**पुलिस टीम पर फायर किया:** पुलिस ने उससे पूछताछ की और हिंडन के पास उसकी निशानदेही पर तमंचा बरामद करने के लिए गए। जहां उसने तमंचा उठाकर पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके पैर में जा लगी। वह लहुलूहान होकर गिर गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया।

**चार अन्य घटनाओं का हुआ पर्दाफाशः** पकड़े गए बदमाश ने वसुंधरा सेक्टर तीन में वृद्धा सविता से सोने की चेन छीनी थी। छीनैती के दौरान गिरकर वह घायल हो गईं थीं। इंदिरापुरम की चार अन्य घटनाओं का भी पर्दाफाश हुआ है।

# पैसों के लेनदेन में युवक से मारपीट कर गोली मारने के मामले में दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राजेंद्रा पार्क एरिया में पैसों के लेनदेन के चलते युवक से मारपीट करने व गोली मारने के मामले में पालम विहार क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को काबू कर लिया है।

दरअसल राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस को सूचना मिली कि द्वारका एक्सप्रेसवे के पास उपहार होम्स प्रॉपर्टी ऑफिस में गोली चली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां प्रॉपर्टी डीलर राज कुमार सहरावत और उनके दोस्त सचिन गुलाटी घायल



अवस्था में मिले, जिनको पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर सीन ऑफ क्राइम तथा फिंगरप्रिंट टीमों से निरीक्षण करवाया। राज कुमार सहरावत ने पुलिस को बताया कि वह सचिन के साथ प्रापर्टी डीलर दीपक मौगली के ऑफिस में थे। वहां पर दीपक तथा उसके कुछ अन्य साथी मौजूद थे। पैसे के लेन देन की बात पर दीपक व उसके साथियों ने उसके तथा सचिन के साथ मारपीट की। जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई जो उसके पैर में लगी। इसके बाद वे लोग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में पालम विहार क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को द्वारका एक्सप्रेसवे न्यू पालम विहार से काबू कर लिया। जिनकी पहचान राजस्थान के अलवर निवासी अनुज व दौसा निवासी रोहित के रूप में हुई। पुलिस मामले में जांच कर रही है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| | |
|---|---|
| क्र.सं. | 1 |
| कार्य का नाम | दिल्ली डिवीजन में लिडार सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके स्टेशनों के यार्ड और अनुभागों के ग्रेडिएंट सत्यापन का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | रू. 18396632.75 |
| धरोहर राशि | रू. 2,42,000/– |
| समापन अवधि | 6 माह |
| निविदा खुलने की तिथि | 16.08.2024 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 16.08.2024 15.00 बजे तक ही भरी जायगी।

पत्रसं.–128–डब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं./निविदा–2–24–25–डब्ल्युसी
दिनांक–18.07.2024 2179/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 18.07.2024

**शुद्धिपत्र -IX**

**विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 29.08.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303**

उपरोक्त निविदा की तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है एवं निविदा खोलने की तिथि 31.07.2024 को बढ़ाकर 29.08.2024 कर दिया गया है। द्वितीय पूर्व बोली सम्मेलन दिनांक 01.08.2024 को बोर्ड ऑफिस में आयोजित की जायेगी। सभी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने सभी संबंधित शंकाओं को निर्धारित समय से पूर्व बोर्ड ऑफिस में प्रेषित करें। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेलः vijay.singh.2017@gov.in

2188/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **श्वेता आहूजा** पुत्री के.एल. आहूजा, निवासी 40ए, एल.आई.जी. फ्लैट्स, राजौरी गार्डन, दिल्ली, दूसरा पताः 1093, विकास कुंज, विकास पुरी दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 121/2011 धारा 323/341/34 भा.द.स. थाना मोती नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्वेता आहूजा** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्वेता आहूजा** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 121/2011 धारा 323/341/34 भा.द.स. थाना मोती नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **श्वेता आहूजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.08.2024** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री सुकृति सिंह,**
**महानगर दण्डाधिकारी–04 (पश्चिम),**
**कमरा नंबर 268,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/9402/WD/2024


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | अम्बाला जिले में आवासीय एक्मॉडेशन के साथ-साथ 50 बिस्तर से 100 बिस्तर तक सिविल हॉस्पीटल नारायणगढ़ का अपग्रेडेशन, सी.एम. घोषणा कोड सं. 10020 (4 अदद लिफ्टों का प्रावधान)। | 18.07.2024 27.07.2024 | 80.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में नये सचिवालय का निर्माण, (एलएएन और ईपीएबीएक्स का प्रावधान) + 1 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 52.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | जिला परिषद फतेहाबाद | गांव कमालवाला में नरवाना-टोहाना रोड से जीपीएस तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी एच-4521) + 3 कार्य। | 16.07.2024 23.07.2024 | 135.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लघु सचिवालय परिसर में 24 ट्रांजिट फ्लैट्स का निर्माण (आंतरिक ईआई का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 18.07.2024 24.07.2024 | 47.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में सिरसा-लुदेसर-भादरा रोड से राजस्थान बॉर्डर तक (एमडीआर-104) (रोड आईडी 5810) कि.मी. 20.500 से 32.73 तक रोड पर 30 मिमी बीसी के प्रावधान हेतु डीएनआईटी (कार्य कार्यक्रम 2023-2024) (जीएसटी के बिना)। | 18.07.2024 29.07.2024 | 305.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | 1623 सिवानी तलवानी - शिवधाम का निर्माण + 6 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 78.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | 4732 - गांव सरल में सामान्य शिवधाम को पूरा करना + 9 कार्य। | 17.07.2024 22.07.2024 | 85.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | वीएजीवाई - गांव रामगढ़ (जीपी चाज्जल माजरा) में लीले राम के मकान से जन स्वास्थ्य नलकूप तक नाला को ऊपर उठाना और गांव गानौली में मेन गली से मंजीत के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स की स्थापना और गांव भूरेवाला में बैठने के लिए शमशान घाट में शैड का निर्माण और गांव खेरकी जाट्टान ब्लॉक नारायणगढ़ में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 8 कार्य। | 16.07.2024 23.07.2024 | 154.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कैलाना, ब्लॉक गन्नौर में पनघट रास्ता से सिटवाली रोड तक आईपीबी फिरनी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 55.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज फतेहाबाद | गांव बोदियाखेड़ा ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर भवन में आयरन शैड का निर्माण, एचजीवीवाई + 4 कार्य। | 17.07.2024 25.07.2024 | 226.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 23085501667 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा (सीयूएच) जांट पाली (महेन्द्रगढ़) के क्षेत्र में दोहन नदी की रिचार्जिंग। | बंद होने की तिथि 05.08.2024 | 125.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 343100 पर जेएलएन फीडर पर पम्प हाउस जेएफ-II में लघु विश्राम गृह के नीचे की खिड़कियों को बदलना + 1 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 208.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 13 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | ड्रग्स, कंज्यूमेबल्स, छोटे उपकरणों और एक्स-रे फिल्मों के लिए दर अनुबंध। | 19.07.2024 30.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812343757 pmohsr@rediffmail.com |
| 14 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला | लैब. रिजेंट्स और आर्टिकल्स। | 20.07.2024 08.08.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 15 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र जिले में शाहाबाद निर्वाचन क्षेत्र में हार्ड शोल्डरिंग और मजबूतीकरण / सुधार सहित 3 अदद रोड को चौड़ा करना, 1. जी.टी. रोड से ऋषि मारकंडा मंदिर (रोड आईडी 8082), 2. अम्बाला हिसार रोड से ठसका मिरानजी तक रोहटी तक (रोड आईडी 8124), 3. अम्बाला हिसार रोड से टाबरा तक स्कूल तक (रोड आईडी 8117)। | 17.07.2024 29.07.2024 | 176.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | किशनगढ़ सब ब्रांच के आरडी 61950 पर आउटफॉलिंग, गांव खैरमपुर में सतही बाढ़ के पानी को निकालने के लिए सबमर्सिबल पम्पस की स्थापना और एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.07.2024 | 2176.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662230030 xenawsdnhsr@gmail.com |
| 17 | बागवानी विभाग हरियाणा घरौंडा, करनाल | सीईवी घरौंडा में हाई-टेक ग्रीन हाउस एचटीजीएच और एनवीपीएच-1 और 2 की मरम्मत और अपग्रेडेशन + 1 अन्य कार्य। | 23.07.2024 13.08.2024 | ईएमडी 2.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996788004 ddh.cev@gmail.com |
| 18 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | लघु सचिवालय, जिला कुरुक्षेत्र में लघु सचिवालय में बिक्री कर कार्यालय का पुनरोद्धार (एलएएन, ईपीएबीएक्स और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान) + 2 कार्य। | 19.07.2024 25.07.2024 | 19.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गढ़ी जाट्टान - गांव गढ़ी जाट्टान, ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में शमशान घाट से रायतखाना वाली सड़क तक नाला और आईएलपीबी गली का निर्माण (स्कीम जीपी फंड)। | 16.07.2024 02.08.2024 | 36.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक बरवाला (गांव खैरवाली परवाला एससी, खैरवाली परवाला सामान्य और खैरवाली परवाला अमराला) के शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 18 कार्य। | 17.07.2024 23.07.2024 | 389.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 21 | जिला परिषद पलवल | जिला परिषद, पलवल ग्रुप-डी (रोड आईडी 8995, 9157, 8268, 8317, 8267, 8625, 803) के विभिन्न सम्पर्क सड़कों की वार्षिक मरम्मत, वित्तीय वर्ष 2024-25 + 6 कार्य। | 18.07.2024 26.07.2024 | 260.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500 prexeeng.pwl@hry.nic.in |
| 22 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड 5054-ग्रुप-4 के तहत) पलवल जिले में (कार्य कार्यक्रम 2023-24 के तहत) होडल से खाम्बी वाया पैंगलतु (आईडी 3446) पर साइड ड्रेन और आरडी 0.00 से 0.40 किमी, आरडी 0.46 से 0.65 किमी, आरडी 3.85 से 4.50 कि.मी. और आरडी 5.75 से 6.15 कि.मी. पर बर्म्स पर सीसीपी, आरडी 0.76 से 3.40 किमी, आरडी 4.70 से 5.75 किमी और आरडी 6.15 से 8.77 किमी पर 50 मिमी. डीबीएम जमा 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा एस/आर। | बंद होने की तिथि 26.07.2024 | 473.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 23 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | केसीबी ड्रेन के आरडी 102100 पर पाइप कल्वर्ट का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.07.2024 | 10.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298518 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दहीसरा, मनोली, सेवली, नाथुपुर, अटेरना ब्लॉक राई में स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 32.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज सोनीपत | गांव उदेसीपुर, ब्लॉक गन्नौर में बीपीएल प्लॉट्स से बी.सी. चौपाल तक रास्ता का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 42.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 26 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | शीतला माता मंदिर गुरुग्राम में शैड के निर्माण के दौरान निर्माण सुपरविजन और कार्य के वास्तविक निष्पादन के दौरान रूपांतरित आरेखणों (यदि आवश्यक हो) का प्रावधान और प्रूफ चैकिंग के साथ-साथ बीओक्यू सहित विस्तरित आकलन, सभी वर्किंग ड्राईंग्स का प्रावधान, विस्तृत डिजाइनिंग, डीजीपीएस, कुल स्टेशन और ऑटो लेवल सहित जांचों और विस्तृत सर्वे को पूर्ण करने समेत शेड की विस्तृत डिजाइन की तैयारी हेतु परामर्शदायी सेवाएं। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 27 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में सोहना में नये तहसील कार्यालय को बनाने के सम्बन्ध में सिंचाई विश्राम गृह का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 25.07.2024 | 19.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 28 | जिला प्रशा. अम्बाला कैंट | लॉबीज, रिसेप्शन, कॉरिडोर / कॉमन एरिया की पैंट्रीज, सम्मेलन कक्षों, सभी लाइब्रेरी हॉल्स, शौचालयों, वॉशरूम की क्लीनिंग, स्वीपिंग, डिसइन्फैक्टेंट सहित पौंछा लगाना। | 19.07.2024 29.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8814869751 sdmambala@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/560/28008/I/88/7 दि. 19.07.24

# अब नहीं टूटेगी रेलवे किनारे की झुग्गियां, दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस पर लगाया स्टे : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रेलवे विभाग द्वारा दिल्ली के कई जगहों पर वर्षों से बसी झुग्गियों को तोड़ने के मामले में शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने रेलवे द्वारा भेजे गए नोटिस पर स्टे लगा दिया है। इस आदेश के बाद शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज सरोजिनी नगर के समीप स्थित फ्लाइंग क्लब जेजे कैंप पहुंचे और झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों से मुलाकात कर उन्हें कोर्ट द्वारा रेलवे विभाग की नोटिस पर लगाए गए स्टे की जानकारी दी। लोगों में इस खबर को सुनने के बाद खुशी का माहौल था। सौरभ ने एक



बयान जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार का यह कानून है, कि दिल्ली में जहां कहीं भी झुग्गी बस्तियां हैं, उन झुग्गी बस्तियों को तोड़ने से पहले उन लोगों को रहने का पक्का मकान दिया जाएगा और कानून के अनुसार जो भी एजेंसी झुग्गियों को तोड़ेगी, उस एजेंसी की यह जिम्मेदारी होगी, कि पहले उन झुग्गियों में रहने वाले लोगों को वहीं कहीं आसपास के क्षेत्र में पक्के मकान बना कर दे, उसके बाद ही उन झुग्गियों को तोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने कोर्ट के समक्ष भी इसी बात को रखा और माननीय हाईकोर्ट ने हमारी इस बात को स्वीकार करते हुए केंद्र शासित रेलवे विभाग द्वारा झुग्गियों को तोड़ने के लिए जारी किए गए नोटिस पर स्टे लगा दिया।

उन्होंने कहा कि यदि रेलवे विभाग इन झुग्गियों को तोड़ना चाहता है, तो पहले इन झुग्गियों के बदले झुग्गियों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान बनाकर दे। जब तक झुग्गी में रहने वाले सभी लोगों को पक्का मकान बनकर नहीं मिल जाता, तब तक कानून के मुताबिक इन झुग्गियों को नहीं तोड़ने दिया जाएगा।

### 'रेलवे विभाग गैरकानूनी तरीके से तोड़ने जा रहा था झुग्गियों को'

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि केंद्र शासित रेलवे विभाग द्वारा दिल्ली में कई जगहों जैसे फ्लाइंग क्लब जेजे कैम्प, दिल्ली कैंट झुग्गी बस्ती, लोहा मंडी झुग्गी बस्ती, राजीव गांधी कैंप, बुद्ध नगर एवं इन्द्रपुरी झुग्गी बस्ती आदि में इस प्रकार के नोटिस झुग्गी बस्तियों में चिपकाए गए थे, जबकि यह झुग्गी बस्तियां डूसिब विभाग में लिस्टेड झुग्गी बस्तियों में आती हैं। उसके बावजूद भी केंद्र शासित रेलवे विभाग गैर कानूनी तरीके से बार-बार इन झुग्गी बस्तियों को तोड़ने की कोशिश करता रहा है।

### बीते वर्ष भी केंद्रीय एजेंसियों ने वर्षों से बसी कई झुग्गी बस्तियों को तोड़ दिया था

मंत्री सौरभ ने कहा कि बीते वर्ष भी दिल्ली में विभिन्न जगहों पर केंद्र शासित भिन्न-भिन्न एजेंसियों जैसे रेलवे विभाग, डीडीए, एलएनडीओ आदि के द्वारा कई वर्षों से बसी झुग्गी बस्तियों को गैर कानूनी तरीके से तोड़ दिया गया था, जिसमें मुख्य रूप से ओखला फोर्ट के समीप बसी झुग्गी बस्ती, सुंदर नर्सरी झुग्गी बस्ती एवं गोशिया कॉलोनी झुग्गी बस्ती तथा अन्य कई बस्तियां शामिल हैं। इन बस्तियों में अकेले ओखला फोर्ट के समीप बसी झुग्गी बस्तियों में ही लगभग दो से ढाई लाख लोग रहते थे।

## डीएमआरसी ने जापान के सहयोग से शुरू की ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग बॉक्स की सुविधा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने जापान के साथ मिलकर चुनिंदा मेट्रो स्टेशनों पर ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग बॉक्स लगाए है। इसकी शुरुआत भारत में जापान के राजदूत महामहिम सुजुकी हिरोशी और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) तथा डीएमआरसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हौज़ खास मेट्रो स्टेशन पर आयोजित रिबन-कटिंग सेरेमनी के दौरान की। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि मेट्रो ने जापानी रिसाइक्लिंग फर्म जेआईटी यामानाशी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग बॉक्स लगाए है। फिलहाल 15 प्रमुख इंटरचेंज मेट्रो स्टेशनों पर इन्हें लगाया गया है। जिसमें यात्री अपने उपयोग किए गए प्रिंटर इंक की बोतलों और कार्ट्रिज को रिसाइकल करने के लिए वहां जमा कर सकते हैं। इन स्टेशनों में वेलकम, कश्मीरी गेट, नेताजी सुभाष प्लेस, गुरु तेग बहादुर नगर (नॉन इंटरचेंज स्टेशन), नई दिल्ली, राजीव चौक,केंद्रीय सचिवालय, दिल्ली हाट-आईएनए, हौज़ खास, द्वारका, जनकपुरी पश्चिम, राजौरी गार्डन, मंडी हाउस, यमुना बैंक और लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। दयाल के अनुसार यह बॉक्स प्रत्येक स्टेशन के पेड एरिया में रखे गए हैं।

### केंद्रीय बजट में दिल्ली को मिले उसके हक़ का पैसा

# आतिशी ने दिल्ली के लिए केंद्र से मांगे 10 हजार करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए शुक्रवार को केंद्र से 10 हजार करोड़ रुपये की मांग की और दावा किया कि आयकर के रूप में पिछले साल दो लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला।

प्रेसवार्ता में दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्लीवालों के साथ सौतेला व्यवहार करना छोड़े और इस केंद्रीय बजट में दिल्ली को उसके हक़ का पैसा दे। आतिशी ने कहा कि, पिछले साल दिल्लीवालों ने केंद्र सरकार को 2.07 लाख करोड़ रुपए इनकम टैक्स और 25 हजार करोड़ रुपये जीएसटी दिया लेकिन इसके बदले केंद्र सरकार ने दिल्ली को एक पैसा तक नहीं दिया। उसी जगह मुंबई से 5 लाख करोड़ रुपये इनकम टैक्स के बदले महाराष्ट्र को केंद्र सरकार से 54 हजार करोड़ रुपये मिले, कर्नाटक को भी 2 लाख करोड़ के बदले 33 हजार करोड़ रुपये मिले। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों ने दिल्ली सरकार को जो टैक्स दिया वो पूरा दिल्लीवालों पर खर्च हुआ, लेकिन जब 2.32 लाख करोड़ रुपये टैक्स केंद्र सरकार को दिया तो उसमें से दिल्ली को एक पैसा नहीं मिला। दिल्लीवालों ने ईमानदारी से दिया टैक्स फिर भी भाजपा शासित केंद्र सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार किया।



### भाजपा सरकार कर रही है दिल्ली के साथ अन्याय

आतिशी ने कहा कि, पूरी दुनिया में किसी भी शहर और राज्य के साथ ऐसा अन्याय नहीं होता होगा जो भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली के साथ कर रही है। उन्होंने कहा कि, इस केंद्रीय बजट में दिल्लीवाले भीख नहीं बल्कि भाजपा शासित केंद्र सरकार से अपना हक मांग रहे हैं, इस केंद्रीय बजट में दिल्ली को उसके हक का पैसा मिले जिससे शहर में विकास की रफ़्तार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, 23 जुलाई को केंद्र सरकार का बजट आने वाला है। पिछले साल 2023-24 में ये 45 लाख करोड़ रुपये था। केंद्र सरकार बजट में जो पैसा खर्च करती है, वो पैसा देश के लोगों से मिलने वाले टैक्स से आता है।

### पिछले साल दिल्ली के लोगों ने 35 हजार करोड़ का दिया टैक्स

आतिशी ने कहा कि पिछले साल दिल्ली सरकार को दिल्ली के लोगों ने 35 हजार करोड़ रुपए का टैक्स दिया। दिल्ली सरकार ने इन पैसों का इस्तेमाल दिल्ली को 24 घंटे बिजली देने में, फ्री बिजली-पानी देने, अनाधिकृत कालोनियों में पानी का नेटवर्क डालने में, दिल्ली के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में, लोगों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने में, फ्लाईओवर-रोड बनवाने, ट्रांसपोर्ट बेहतर बनाने में किया। दिल्ली सरकार ने टैक्स के पैसे का इस्तेमाल दिल्ली के विकास के लिए किया।

वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली देश में सबसे ज्यादा इनकम टैक्स देने वाले राज्यों में शामिल है। दिल्ली के लोगों ने पिछले साल केंद्र सरकार को 2.07 लाख करोड़ रुपये इनकम टैक्स के रूप में दिए। साथ ही जीएसटी के रूप में 25 हजार करोड़ रुपये दिए।

दिल्ली के लोगों ने पिछले साल केंद्र सरकार को 2.32 लाख करोड़ रुपये का टैक्स दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों ने जब दिल्ली सरकार को टैक्स दिया तो वो पूरा पैसा दिल्लीवालों पर खर्च हुआ। लेकिन जब दिल्लीवालों ने 2.32 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार को टैक्स के रूप में दिया तो उसमे से केंद्र सरकार से दिल्ली को एक पैसा नहीं मिला।

### हम भीख नहीं अपना हक मांग रहे हैं : वित्त मंत्री

आतिशी ने कहा कि दिल्लीवाले भीख नहीं मांग रहे बल्कि अपना हक माँग रहे है। हम टैक्स के रूप में दिया सारा पैसा नहीं माँग रहे है। हम ये जानते है कि, दिल्ली जैसे बड़े शहर पूरे देश की इकोनॉमिक डेवलपमेंट में सहायक है और दिल्ली का पैसा देश के उन इलाकों में लगना चाहिए जहां जरूरत है। लेकिन ये कैसा न्याय है कि, दिल्ली के लोग 2 लाख करोड़ रुपये इनकम टैक्स दे, केंद्र सरकार को 25 हजार करोड़ रुपये जीएसटी दे लेकिन दिल्ली को उसमें एक रुपया भी न मिले। उन्होंने कहा कि, दिल्लीवालों का दिल बहुत बड़ा है वो अपने इनकम टैक्स का 95 प्रतिशत हिस्सा देश के विकास के लिए दे रहे है और उसका मात्र 5 प्रतिशत हिस्सा दिल्ली के विकास के लिए, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के मांग रहे हैं।

## भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए केंद्र पर अनाप-शनाप आरोप लगा रही आतिशी : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अपनी सरकार के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी केंद्र पर अनाप-शनाप आरोप लगा रही हैं। उनकी सफेद झूठ बोलने की आदत से जनता में उनकी विश्वसनीयता खत्म हो गई है। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को मंत्री आतिशी के झूठ को लेकर यह प्रतिक्रिया दी है कि वह प्रतिदिन एक नया झूठ गढ़ती हैं और अब केंद्रीय बजट पेश होने से पहले वह अपनी सरकार के भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए फिर से झूठ बोल रही हैं। मंत्री आतिशी ने फिर यह सफेद झूठ बोला है कि केंद्र सरकार के बजट में दिल्ली को एक रुपया भी नहीं मिलता। जबकि आतिशी को यह पता है कि केंद्र सरकार हर साल विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिल्ली पर डेढ़ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च करती है। सांसद बिधूड़ी ने कहा है कि यह कितनी हैरानी की बात है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यह दावा करते हैं कि दिल्ली में पैसे की कोई कमी नहीं है लेकिन दूसरी तरफ आतिशी यह मांग कर रही हैं कि केंद्र सरकार 10 हजार करोड़ रुपए दे तो दिल्ली का विकास हो सके।

### दिल्ली पर डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा का खर्च करती है केंद्र सरकार

बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी को यह पता है कि केंद्र सरकार हर साल विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिल्ली पर डेढ़ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च करती है। इस साल फरवरी में जो पूरक बजट पेश किया गया था, उसमें ही केंद्र द्वारा चलाए जा रहे दिल्ली के सरकारी अस्पतालों पर लगभग 9 हजार करोड़ रुपया, दिल्ली पुलिस पर 11,177 करोड़ रुपया, केंद्रीय विश्वविद्यालयों पर 11,528 करोड़ रुपए, दिल्ली जल बोर्ड के लिए साढे 8 हजार करोड़ रुपए के अलावा डीडीए का 9 हजार करोड़ और एनडीएमसी पर 5 हजार करोड़ रुपए का

# केजरीवाल सरकार के वर्ल्ड क्लास शिक्षा के दावों की खुल रही है पोल : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जैसे जैसे 9वीं और 11वीं में छात्रों के फेल होने की संख्या बढ़ रही है वैसे वैसे अरविंद केजरीवाल सरकार के वर्ल्ड क्लास शिक्षा के दावों की पोल खुल रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को कहा है कि दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को अंधेरे में धकेलने का काम किया है और उन्हें इस बात का जवाब देना पड़ेगा कि आखिर दिल्ली में 9वीं क्लास की वार्षिक परीक्षा में एक लाख से ज्यादा छात्र इस वर्ष फेल हो गए और इतना ही नहीं पुनः परीक्षा अवसर मिलने पर भी 17 हजार से अधिक छात्र पूरी तरह फेल हो गये। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार जितनी चिंता जेल में बंद मुख्यमंत्री की मार्केटिंग करने में कर रही हैं उसका 10 फीसदी ध्यान भी शिक्षा पर देती तो शायद आज दिल्ली के नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होता। सचदेवा ने कहा कि आखिर लगातार फेल हो रहे छात्रों की असफलता के पीछे का कारण शिक्षा मंत्री आतिशी दिल्ली वालों को क्यों नहीं बताती।

### शिक्षा व्यवस्था दिल्ली सरकार का है एक भ्रष्टाचार का मॉडल



सचदेवा ने कहा कि शिक्षा क्रांति की बात करने वाली आतिशी को बताना चाहिए कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था केजरीवाल सरकार का एक भ्रष्टाचार का मॉडल है। इनके हर विभाग में भ्रष्टाचार है जो अब दिल्ली के नौनिहालों को भी प्रभावित कर रही है। अपनी कमजोर पड़ती शिक्षा व्यवस्था के बचाव में दूसरे राज्यों की बात करने वाली आतिशी दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था पर एक भी शब्द नहीं बोलती है। सचदेवा ने कहा कि इधर उधर की बात करने वाली दिल्ली की शिक्षा मंत्री से दिल्ली वाले पूछना चाहते हैं कि आखिर अपनी राजनीतिक ब्यानबाजी के लिए बच्चों के भविष्य के साथ कब तक खिलवाड़ करती रहेगीं। सचदेवा ने बच्चों के लगातार फेल होने का आंकड़ा देते हुए कहा कि 2019-2020 में दिल्ली के सरकारी स्कूल के 9वीं क्लास में 42 हजार बच्चे फेल हुए। 2020-2021 में 31 हजार, 2021-2022 में 28 हजार बच्चे, 2022-2023 में 88 हजार बच्चे और 2023-2024 में 1 लाख, 1 हजार 323 बच्चे फेल हुए और फिर धीरे धीरे यह अनुपात बढ़ता चला गया।

## आतिशी को स्कूलों में बदलाव पर प्रिंसिपलों से चर्चा छोड़ टीचरों की भर्ती पर देना चाहिए ध्यान : देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शिक्षा मंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा है कि स्कूलों में बदलाव पर प्रिंसिपलों से चर्चा छोड़ टीचरों की भर्ती पर पूरा ध्यान देना चाहिए। क्योंकि सफलता से सरकार चलाने में पूरी तरह फेल सीएम अरविंद केजरीवाल ने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली के लाखों बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि 9वीं कक्षा में हजारों बच्चों के फेल होने की शुरुआत 2015 में हुई थी। उस दौरान से लगातार हर वर्ष 9वीं कक्षा में फेल छात्रों को सरकारी स्कूलों से निकाला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाए कि इस सत्र में भी दो बार 9वीं में फेल 17 हजार 308 छात्रों को स्कूल से निकालकर छवि सुधारने की कोशिश में छात्रों पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल में दाखिला लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। लगातार 9वीं और 11वीं में अभी तक 10 लाख से भी अधिक छात्रों का फेल होना केजरीवाल के विज्ञापन पर आधारित शिक्षा मॉडल की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री आतिशी द्वारा दिल्ली सरकार के 200 से अधिक प्रिंसिपलों से चर्चा करके स्कूलों में बड़े बदलाव का बयान केवल लोगों को गुमराह करने वाला है। देवेंद्र ने उन्हें सलाह देते हुए कहा कि आतिशी को चाहिए कि वह प्रिंसिपलों से चर्चा की जगह अगर 11 हजार से अधिक स्कूलों में टीचरों, वाईस प्रिंसिपलों और प्रिंसिपलों की 100 प्रतिशत भर्ती करने पर ध्यान दें तो छात्रों के लिए बेहतर होता।

# किसान जंतर-मंतर पर कल करेंगे धरना प्रदर्शन, एचटी लाइन मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के किसान कल रविवार, 21 जुलाई को एचटी लाइन नीति को लेकर सुबह करीब 9 बजे जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करेंगे और केंद्र सरकार के सामने अपनी मांगें रखेंगे। किसान कामगार अधिकार मोर्चा में उपाध्यक्ष जगबीर लोहचब ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एचटी लाइन के विरोध में बवाना विधानसभा के औचंदी बॉर्डर पर किसानों द्वारा पिछले करीब 8 महीने से कड़कती सर्दी, तेज गर्मी तथा बारिश में बैठकर अपनी फसलों तथा जमीन को बचाने के लिए निरंतर आंदोलन किया जा रहा है और अब गांव-गांव जाकर किसानों का समर्थन जुटाया जा रहा है। सतेंद्र लोहचब ने बताया कि इसके लिए गांव मुंगेशपुर कुतुबगढ़ जटखोड़, पंजाब खोड़, कटेवड़ा, माजरा डबास, बाजितपुर, नांगल ठाकरान, दरियापुर, हरेवली, घोगा, अलीपुर, ताजपुर तथा नजफगढ़ क्षेत्र के गांव के प्रमुख लोगों से आंदोलन के प्रतिनिधियों ने संपर्क किया है। मास्टर महेंदर, उमेद, इन्द्र सिंह, सतबीर फौजी, अजित प्रधान, ओम प्रकाश लांबा, डॉ. महेंद्र और कंवर लाल आदि की अध्यक्षता में किसानों को एकजुट किया गया। उन्होंने बताया कि एचटी लाइन को लेकर केन्द्र सरकार एक आधी अधूरी नीति लेकर आई है जिससे किसानों को बहुत घाटा होगा। यदि सरकार हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार करके एचटी लाइन की नीति में संशोधन करके किसानों को उनके हो रहे नुकसान की उचित भरपाई का प्रावधान नहीं करती है तो विभिन्न राज्यों के बीच किसानों को जागरूक करके इस आंदोलन में और तेजी लाई जाएगी।

▪ बवाना इलाके में औचंदी पॉवर प्लांट के सामने करीब आठ महीने से दे रहें हैं धरना



### उदास मन से बोली, बच्चे को जीवित रखने के लिए बाहर से खरीदूंगी दवाएं

# चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में दवाओं को टोटा, मायूस होकर लौटीं माताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में शुक्रवार को अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों की दवा लेने आईं कई माएं बिना दवा के ही लौट गईं। दरअसल यहां दवाओं का भारी टोटा हो गया है। शुक्रवार को हालत यह देखने को मिली कि अपने लाल की दवा लेने आई कई माएं दवा लेने के लिए घंटो लाइन में लगी लेकिन जब दवा की खिड़की पर पहुंची तो उन्हें बताया गया कि आपके पर्चे की सभी दवाएं आज नहीं है। इतना सुनकर वह मां बोली कि मुझे पहले ही बता दिया होता कि दवाएं नहीं हैं तो मैं दवा लेने के लिए इतनी देर लाइन में क्यों लगती। यह एक बीमार बच्चे की मां के साथ नहीं बल्कि कई बच्चों की माओं के साथ हुआ। जिसके बाद वह मायूस होकर घर लौट गईं। एक मां ने बताया कि बच्चे को जिवित रखना है तो दवा तो बाहर से खरीदनी पड़ेगी।



### एक भी पर्चे की नहीं मिल रही थी सभी दवाएं

चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में शुक्रवार को किसी भी बीमार बच्चे को डॉक्टरों द्वारा लिखी गई पूरी दवाईयां नहीं मिल पाई। अगर डॉक्टर ने चार दवाएं लिखी तो किस्मत से 2 दवा ही मिल पाई। बाकी कह दिया गया कि इन्हें बाहर से खरीद लेना।

### गार्ड कर रहा था बीमार बच्चों की मांओं की मदद

दवा बांटने की खिड़की पर तैनात गार्ड बीमार बच्चों की मांओ की मद करता हुआ दिखाई दिया। गार्ड दवा की लाइन में लगीं एक-एक महिला के पर्चे को लेकर फार्मासिस्ट के पास ले जाता था और उनसे पूछता था कि इस पर्चे की दवा है या नहीं। अगर दवा मौजूद होती थी तो वह कहता कि लाइन में लगे रहो। अगर दवा नहीं होती तो वह कहता जाओ आपके पर्चे की दवा आज नहीं है। बाहर से खरीद लेना। इससे कई महिलाएं तो लाइन में लगने से बच गईं।

# देश के हर कोने से खेल प्रतिभाओं को खोज कर निखारा जायेगा : मांडविया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के हर कोने से खेल प्रतिभाओं को खोज कर उन्हें उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं सुविधाएं देकर निखारा जायेगा। मोदी 3.0 सरकार के पहले 100 दिन के एजेंडे में देशभर से 1 लाख खेल प्रतिभाओं की पहचान की जाएगी। युवा खेल प्रतिभाओं की पहचान हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित कीर्ति ( खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन) कार्यक्रम के तत्वाधान में दिल्ली नगर निगम के छात्रों के लिए जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे कार्यक्रम का भारत सरकार के खेल एवं युवा मामले एवं श्रम कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अवलोकन के दौरान यह संबोधन दिया। कीर्ति कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले 20 हजार छात्रों का चयन कर खेल प्रतिभाओं की पहचान की जाएगी। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि खेलों से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खिलाड़ी आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कीर्ति कार्यक्रम के द्वारा मोदी ने तय किया है कि देश में बाल्यकाल से ही खेल प्रतिभाओं को पहचाना जाए। वहीं, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार ने कहा कि यह एक अहम कार्यक्रम है।



▪ निगम स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों का चयन कर की जाएगी खेल प्रतिभाओं की पहचान




# एयरपोर्ट पर बेहाल सी नजर आईं मलाइका अरोड़ा

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा को हाल ही में पैपराजी ने एयरपोर्ट पर उनके बेटे अरहान खान के साथ स्पॉट किया, जहां एक्ट्रेस का नो मेकअप लुक देखने को मिला। बॉलीवुड की फैशन डीवा मलाइका अरोड़ा इन दिनों अर्जुन कपूर संग ब्रेकअप को लेकर सुर्खियां में हैं। इसी बीच एक्ट्रेस को एयरपोर्ट पर पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद किया। इस दौरान हमेशा ग्लमैरस लुक में नजर आने वाली एक्ट्रेस काफी बेहाल से लुक में दिखी। एक्ट्रेस ने ब्लैक कार्गो पेंट के साथ ब्लैक जैकेट पहनी थी और सिर पर टोपी लगाई हुई थी। एक्ट्रेस का ये अंदाज देखकर हर कोई परेशान हैं। एयरपोर्ट पर मलाइका अरोड़ा के साथ उनके बेटे अरहान खान भी नजर आए, जो कैजुअल लुक में दिखे।

## लाइफ Style

# तब्बू इस बार दमदार लुक में



वेब सीरीज ड्यून: प्रोफेसी का इंतजार फैंस को लंबे समय से है। इस बीच निर्माताओं ने लोगों को एक और सौगात देते हुए इसका दूसरा टीजर गुरुवार शाम को जारी कर दिया। यह टीजर भारतीय दर्शकों के लिए भी काफी खास है, क्योंकि इसमें तब्बू की पहली झलक भी सामने आ गई है। एचबीओ ओरिजिनल की इस वेब सीरीज का टीजर एक मिनट 10 सेकंड लंबा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीरीज के टीजर में सिस्टर फ्रांसेस्का के रूप में तब्बू के बहुप्रतीक्षित लुक से भी पर्दा उठ गया है। यह सीरीज हजारों साल पहले की कहानी बयां करती नजर आएगी। टीजर में एमिली वॉटसन का किरदार वाल्या हार्कोनेन कहता है, 'बलिदान तो करना ही होगा।' वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे बेने गेसेरिट अपनी बहनों को शक्ति का प्रयोग करने और अपने दिमाग पर पूरा नियंत्रण रखने के लिए प्रशिक्षित करती हैं। टीजर में तब्बू को सिस्टर फ्रांसेस्का के रूप में महज पल भर के लिए दिखाया गया है, लेकिन यह अभिनेत्री के फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है। इस टीजर में उन्हें काले कपड़े पहने हुए देखा जा सकता है। हालांकि, टीजर में वह कोई भी संवाद बोलती नजर नहीं आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शो में तब्बू का किरदार बुद्धमान, मजबूत और आकर्षक होगा। यह सीरीज ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के लिखे उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून से प्रेरित है ।

तब्बू और एमिली के अलावा, इसमें ओलिविया विलियम्स, जोहदी मे, ट्रैविस फिमेल, सारा-सोफी बोस्निना, मार्क स्ट्रॉन्ग, क्लो ली, जोश हेस्टन, जेड एनोका, एडवर्ड डेविस, फॉइलेन कनिंघम, एओइफ हिंड्स, शालोम ब्रून-फ्रैंकलिन और क्रिस मेसन भी हैं। शो के निर्माता इसे नवंबर में रिलीज करने की तैयारी में हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# फिल्म देखने का दिया न्योता

**लॉस एंजिलिस।** ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन शुरुआत से चर्चा में बनी हुई है। दुनियाभर के दर्शकों को इस फिल्म की रिलीज का इंतजार है। अपनी रिलीज से पहले डेडपूल और वूल्वरिन ने भारतीय दर्शकों के लिए हिंदी में वीडियो साझा किया है। मार्वल इंडिया द्वारा साझा किए गए वीडियो में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड भारतीय प्रशंसकों को देसी अंदाज में टिकट बुक करने के लिए कहा है। ये फिल्म 26 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# क्लो कार्दशियन ने साझा की खुशी कपूर की तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लो कार्दशियन ने हाल ही में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शिरकत की। दोनों बहनों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचे रखा। इस शादी में आने के बाद से ही दोनों बहने चर्चा का विषय बनी हुई हैं। किम और क्लो कार्दशियन अपने भारत दौरे से शानदार लुक को लगातार साझा कर रही हैं। इस बीच, उन्होंने खुशी कपूर की वेडिंग लुक वाली तस्वीर साझा की है। क्लो की इस पोस्ट पर भारतीय प्रशंसकों ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। अपने स्नैपचैट पर तस्वीर साझा करते हुए क्लो ने लिखा, 'मुझे लगता है कि यह मेरी पसंदीदा तस्वीरों में से एक है।' इस तस्वीर में खुशी को एक खूबसूरत सफेद लहंगे में देखा जा सकता है, जबकि वह मिरर सेल्फी ले रही हैं। उन्होंने अपने बालों को पोनीटेल में स्टाइल किया और डायमंड चोकर के साथ अपने लुक को पूरा किया है।



# कैटरीना ने की बैड न्यूज की तारीफ

**नई दिल्ली।** विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की फिल्म बैड न्यूज थिएटर्स में आ चुकी है। कटरीना ने इस फिल्म को देख लिया है और उन्होंने विक्की-तृप्ति की केमिस्ट्री पर कुछ कहा है। कटरीना ने लिखा, 'और यह रिलीज हो गई है बहुत फनी थी। पंजाबी बॉयज के साथ ब्रोमांस का अलग ही मतलब होता है। बढ़िया टाइमिंग और केमिस्ट्री देखने को मिली है। विक्की कौशल फायर हैं। 'आप जिस आसानी के साथ काम करते हो और स्क्रीन पर जो खुशी दिखती है, उसे देखने के बाद मैं हमेशा चौंक जाती हूं। इसके बाद कैटरीना ने अपनी स्टोरी के अंत में करण जौहर, अमृतपाल बिंद्रा और आनंद तिवारी को भी बधाई दी है। कुल मिलाकर कटरीना कैफ को फिल्म खूब पसंद आई है और उन्होंने अपने पति के साथ-साथ बाकी सेलेब्स की भी तारीफ की है।



# विवादों में घिरे गायक दिलजीत दोसांझ

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ वैसे तो विवादों से दूर ही रहते हैं, लेकिन अब वो भी एक मामले में घिरते नजर आ रहे हैं। यह मामला उनके एक टूर से जुड़ा हुआ है, जिसे लेकर उन पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने कुछ लोगों का भुगतान नहीं किया है। दिलजीत दोसांझ के प्रशंसक जानते ही होंगे उनके म्यूजिक टूर में कितनी भारी भीड़ मौजूद रहती है। उनके शो में पूरा माहौल बनता हैं और लोग खूब आनंद लेते हैं। दिलजीत का 'दिल-लुमिनाती' टूर भी काफी चर्चा में रहा था। अब उन पर आरोप लगा है कि उन्होंने टूर में नाचने वाले देसी नृतकों को पैसे नहीं दिए है। दिलजीत दोसांझ पर यह आरोप रजत रॉकी बट्टा ने लगाया है, जो आरआरबी डांस कंपनी के मालिक हैं और कोरियोग्राफर भी हैं। रॉकी लॉस एंजिल्स में रहते हैं।

## टीवी मसाला

# 'तारक मेहता...' में पहली बार दिखीं चालू पांडे की पत्नी

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीवी के फेवरेट शोज में से एक हैं। शो 15 सालों से भी ज्यादा समय से फैंस को एंटरटेन कर रहा है। शो के सभी कैरेक्टर्स काफी पसंद किए जाते हैं। इसके अलावा शो में ऐसे भी कुछ कैरेक्टर्स हैं, जिनका चेहरा कभी नहीं दिखाया गया लेकिन शो में उनका पूरा इंवॉल्वमेंट होता है, जैसे दयाबेन की मां। इसके अलावा शो में



चालू पांडे की पत्नी बासुंदी का कैरेक्टर भी लंबे समय शो में है, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिखाया गया था। शो में अक्सर दिखाया जाता था कि जब भी चालू पांडे के पास पत्नी का फोन आता था वो बहुत घबरा जाते थे और पत्नी के सामने डरे-सहमे ही रहते थे। अब तारक मेहता के मेकर्स ने फैंस को सरप्राइज दे दिया है। शो में चालू पांडे की पत्नी का चेहरा दिखा दिया है। पॉपुलर कॉमेडी एक्ट्रेस मंजू शर्मा इस रोल में नजर आ रही हैं। शो में दिखाया गया कि चालू पांडे की पत्नी अपने भाई की लड़की का रिश्ता पोपटलाल के लिए लेकर आती हैं। बात सगाई तक भी पहुंचती है। लेकिन हमेशा की तरह आखिरी मोमेंट पर ये शादी टूट जाती है। अब पोपटलाल की शादी कब होगी ये तो मेकर्स ही जानें हालांकि, मेकर्स ने शो के फैंस को एक अच्छा कैरेक्टर जरूर दे दिया है। मंजू शर्मा की बात करें तो वो टीवी की फेमस एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कविता कौशिक के शो एफआईआर में अहम रोल निभाया था। इस शो में उन्हें बहुत पसंद किया गया था। इसके अलावा उन्हें चिड़िया घर में गिरगिट मौसी के रोल में देखा गया था। उन्हें लव का तड़का और प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार जैसे शोज किए।

# 'जब महादेव का होता हैं बुलावा तो खुद ही चलते रहते हैं पैर'

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेता अभिषेक वर्मा अमरनाथ यात्रा पर जाने के बाद काफी सतुंष्ट नजर आ रहे हैं। अभिषेक खुद को आध्यात्मिक व्यक्ति बताते हैं। साल में दो बार वैष्णो देवी मंदिर जाने अभिषेक ने इस बार



अमरनाथ यात्रा पर जाने का मन बनाया था और अब उन्होंने इस यात्रा को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक वर्मा ने बताया कि वो नैनीताल में शूटिंग कर रहे थे और उसी दौरान उनके कुछ दोस्तों ने अमरनाथ यात्रा के लिए उनका पंजीकरण करा दिया था। हालांकि, अभिषेक ने ही अपने उन दोस्तों से कहा था कि अगर वे यात्रा पर जाएं तो उन्हें भी अपने साथ ले लें, क्योंकि वे हर साल अमरनाथ जाते हैं। अभिषेक ने बताया कि जब उन्होंने बेस कैंप से यात्रा शुरु की थी तो वो काफी थक गए थे। पहाड़ों की खड़ी चढ़ाई ने उन्हें शारीरिक रूप से थका दिया था। उन्होंने बताया कि छह से सात किलोमीटर चलने के बाद शरीर टूटने लगता हैं, मगर जब महादेव का बुलावा होता हैं तो पैर खुद ही चलते रहते हैं।

# 'उलझ' के कई नए पोस्टर जारी, खौफ में जान्हवी

**नई दिल्ली।** 'उलझ' के निर्माताओं ने ट्रेलर के बाद अब फिल्म के कई कलाकारों के नए पोस्टर जारी किए गए हैं, जिनमें जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया का नया अंदाज देखने को मिला है। सुधांशु सरिया और परवेज शेख द्वारा लिखित 'उलझ' 2 अगस्त को रिलीज होने वाली है। जान्हवी कपूर की फिल्म 'उलझ' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज का दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसदं किया। वहीं, अब निर्माताओं ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें जान्हवी कपूर का अलग अंदाज दिखाया गया है। इसके साथ ही फिल्म से सभी कलाकारों का भी पोस्टर जारी किया गया है। इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर ने अपने और सह-कलाकारों के नए पोस्टर के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन किया। पहले पोस्टर में जान्हवी अपने हाथ में एक गोपनीय फाइल पकड़े हुए काफी गंभीर दिख रही हैं। पोस्ट में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग




और मेयांग चांग जैसे हर किरदार की झलक भी दी गई है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'हर फुसफुसाहट झूठ है। हर दोस्त एक जाल है। हर सुराग एक विश्वासघात है।' जैसे ही पोस्टर शेयर किए गए, प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म उच्च-दांव वाली अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मनोरंजक कहानी को दिखाएगी। निर्माताओं ने हाल ही में 'उलझ' का आकर्षक ट्रेलर जारी किया था, जिसमें जान्हवी ने सुहाना भाटिया की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो एक युवा राजनयिक है, जो साजिश के जाल में उलझी हुई है। उनका किरदार रूढ़ियों को चुनौती देता है, लंदन दूतावास में अपने करियर को सफल बनाने की कोशिश के बीच भाई-भतीजावाद के मुद्दे को सीधे चुनौती दी गई है।

# अगले साल 14 फरवरी को रिलीज होगी 'देवा'


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर एक और एक्शन पैक्ड फिल्म के साथ पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। शाहिद कपूर 'देवा' के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के बाद से वो किसी फिल्म में नजर नहीं आए हैं, ऐसे में इस अपकमिंग फिल्म ने फैंस को बेसब्र किया है। यह फिल्म 14 फरवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने रिलीड डेट के साथ शाहिद कपूर का लुक भी रिवील कर दिया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर देवा का निर्माण कर रहे हैं। सामने आए पोस्ट में शाहिद कपूर ने अपनी एक तस्वीर दिखाई है, जिसमें वो बुलेट प्रूफ जैकेट पहने दिख




रहे हैं। उनके हाथ में बंदूक है, जिसे देखकर जाहिर हो रहा है कि वो किसी घटना स्थल पर जहां फायरिंग हो रही है। इस तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'देवा के रोमांच का अनुभव करें, क्योंकि यह पावर-पैक एक्शन थ्रिलर 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी!' शाहिद कपूर के इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं। देवा का निर्देशन प्रशंसित मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज ने किया है और इसका निर्माण सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। देवा रोमांच, ड्रामा और एक्शन पैक्ड फिल्म है। ये फिल्म एक रोलर-कोस्टर राइड का वादा करती है। शाहिद कपूर एक शानदार लेकिन विद्रोही पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, जबकि पूजा हेगड़े एक पत्रकार की भूमिका में प्रमुख महिला हैं।

# कई सुपरस्टार्स के बेटों का फिल्मी करियर रहा फ्लॉप

*मुंबई। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड के कई ऐसे सुपरस्टार्स रहे जिनका फिल्मी करियर बेमिसाल रहा है। लेकिन जब उनके बेटे फिल्मों में काम करने लगे तो वो कामयाबी हासिल नहीं हुई। ऐसा जरूरी नहीं है कि अगर कोई पिता सफल हो तो उनका बेटा भी सफल ही हो। ऐसे ही 7 सुपरस्टार्स के बेटे हैं, जिन्हें पिता जैसी लोकप्रियता नहीं मिली।*




अनिल कपूर का स्टारडम किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने 80's और 90's के दशक में ढेरों सुपरहिट फिल्में दी हैं। अभी भी उनका करियर बढ़िया चल रहा है लेकिन उनके बेटे हर्षवर्धन का करियर वैसा नहीं है। अनिल कपूर ने बेटे के साथ 'थार' जैसी फिल्म की फिर भी उनका करियर आगे नहीं बढ़ पाया।


## साइड हीरो बनकर चला रहे घर



70 से लेकर 90 के दशत तक विनोद खन्ना ने कई सुपहिट फिल्में दीं और उनका करियर काफी ऊंचाई पर भी गया था। लेकिन उनके दो बेटे अक्षय खन्ना और राहुल खन्ना उनके जैसे फेमस नहीं हो पाए। अक्षय खन्ना ने तो कुछ हिट फिल्में दी भी हैं, लेकिन राहुल खन्ना का करियर खास नहीं रहा।

नसीरुद्दीन शाह ने इंडस्ट्री को ढेरों कल्ट क्लासिक फिल्में दी हैं। आज भी वो फिल्मों में एक्टिव हैं और किसी न किसी फिल्म में नजर आ जाते हैं। लेकिन उनके बेटे विवान का करियर खास नहीं रहा। हालांकि, विवान ने शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म हैप्पी न्यू ईयर (2014) में काम किया है फिर भी उनका करियर पिता के करियर के आस-पास भी नहीं नजर आता है।





मिथुन चक्रवर्ती का जलवा फिल्मों में खूब देखने को मिला, लेकिन उनके बेटे मिमोह चक्रवर्ती का करियर फ्लॉप रहा। अब वो बिजनेस करते हैं। हालांकि, मिथुन की बहू मदालसा शर्मा टीवी की फेमस एक्ट्रेस बन गई हैं। वो 'अनुपमा' जैसे शो में नजर आ चुकी हैं।



फिरोज खान अपने समय के सुपरहिट एक्टर रहे हैं। उन्होंने बतौर एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अपना सफल करियर बनाया है, लेकिन उनके बेटे फरदीन खान उनके जैसी लोकप्रियता हासिल नहीं कर पाए।



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन जैसा स्टारडम तो हर किसी का सपना होता है। उन्होंने 70's में डेब्यू किया था और आज तक फिल्मों में एक्टिव हैं। उनकी सफलता बेमिसाल रही है, लेकिन अभिषेक बच्चन पिता जैसे नहीं बन पाए। हालांकि, अभिषेक एक्टर अच्छे हैं लेकिन उनकी तुलना हमेशा पिता से हुई इसलिए करियर वैसा नहीं बन पाया जैसा पिता का बना।

## पेज एक का शेष

### दुनियाभर में 'हड़कंप'...

पर नहीं पड़ा है। इस संबंध में आईटी मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट भी किया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि इस आउटेज के कारण की पहचान कर ली गई है और समस्या को हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं। इसके अलावा एमईआईटीवाई वैश्विक आउटेज के संबंध में माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में है।

**उड्डयन मंत्री ने की यात्रियों के धैर्य की सराहना...एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए खाने का प्रबंध:** नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने अपनी फ्लाइट के लिए प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों के बैठने के लिए अतिरिक्त जगह, पानी और भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। दुनियाभर के देशों में हवाई अड्डों पर फ्लाइट्स में देरी के चलते यात्रियों को असुविधा का समाना करना पड़ रहा है। नायडू ने यात्रियों के धैर्य के सराहना की। उन्होंने कहा कि मैंने हवाई अड्डे के अधिकारियों और एयरलाइंस से प्रभावित यात्रियों के बैठने के लिए अतिरिक्त जगह और भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। हम आपकी चिंताओं को समझते हैं और आपकी सुरक्षित और तेज यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। आपके धैर्य और सहयोग की अत्यधिक सराहना की जाती है।

**13.39 खरब का लग गया चूना, धड़ाम शेयर:** माइक्रोसॉफ्ट ब्लू स्क्रीन एरर के पीछे की वजह बनी साइबर सिक्योरिटी फर्म क्राउडस्ट्राइक के शेयरों में जबरदस्त गिरावट आई है। इसने एक ही दिन में अपनी करीब 21 फीसदी वैल्यू खो दी। अनऑफिशियल ट्रेडिंग में कंपनी का शेयर 21 फीसदी डाउन था। इससे क्राउडस्ट्राइक की वैल्यूएशन में 16 अरब डॉलर (13.39 खरब रु.) की गिरावट आई है।

### एयरलाइंस ने यात्रियों के...

से अनुपलब्ध रहेंगी। स्पाइसजेट ने भी तकनीकी समस्या को स्वीकार किया है, जिससे उड़ान में व्यवधान संबंधी अपडेट देने की उनकी प्रणाली की क्षमता प्रभावित हुई है।

### साइबर अटैक या...

उसे अलग कर दिया गया है और इसे ठीक कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन कंपनियों के लोगों को परेशानी हो रही है, उन्हें आधिकारिक चैनल के जरिए क्राउडस्ट्राइक के कर्मचारियों से संपर्क करना चाहिए। क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं है। समस्या की पहचान कर ली गई है और उसका समाधान कर दिया गया है।

**क्या है क्राउटस्ट्राइक ?:** क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक एक मेन प्रोडक्ट फाल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फाल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल करता है। बता दें कि फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहे सिस्टम ऑनलाइन हो या फिर ऑफलाइन।

**यात्रियों को रूस में एयरपोर्ट पर ही गुजारनी पड़ी रात, खाने-पानी को तरसे, अब मुंबई से भेजी गई फ्लाइट:** दिल्ली से अमेरिका जा रहे एयर इंडिया के विमान की रूस के क्रास्नोयार्स्क इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग के बाद यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विमान से उतरे यात्रियों को न तो एयरपोर्ट पर ठीक से खाना मिला और न ही पानी। यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर एयर इंडिया से मदद की गुहार लगाई। यात्रियों की सहायता के लिए एयर इंडिया ने मुंबई से एक फ्लाइट रवाना की है।

### अमेरिका में भारत...

था। विनय क्वात्रा 1 मई 2022 से 14 जुलाई 2024 तक भारत के विदेश सचिव के पद पर रहे। वह भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वर्ष 1988 बैच के अधिकारी हैं। अपने तीन दशक से अधिक के करियर में उन्होंने राजधानी में विदेश मंत्रालय के अलावा दुनिया के कई देशों में कूटनीति से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया है। इसमें वह संयुक्त राष्ट्र से लेकर फ्रांस, चीन, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले...

योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा के अग्निवीरों को प्रदेश सरकार द्वारा बड़ा लाभ देने का फैसला किया गया है। अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों की भर्ती में 10 प्रतिशत होरीजेनटल आरक्षण का लाभ व आयु में 5 और 3 साल की नियामानुसार छूट, रोजगार के लिए 5 लाख तक ऋण बिना ब्याज देने सहित विभिन्न फैसले लिए गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर योजना पर प्रधानमंत्री का फोकस है। हरियाणा की कोई इंडस्ट्रीज अग्निवीर को नौकरी देती है तो उस संस्थान को 60 हजार रुपए की छूट देंगे। प्रधानमंत्री ने अग्निवीरों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजना के बारे में ध्यानपूर्वक सुना।

**विपक्ष के पास नहीं कोई मुद्दा: सीएम:** मुख्यमंत्री ने मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोकना चाहता था, लेकिन वे उसमें नाकाम हो गए। विपक्ष के लोगों की अलग-अलग विचारधाराएं है और उनके पास कोई मुद्दे नहीं है। विपक्ष केवल झूठ का सहारा लेता है और जनता उनके झूठ को समझ चुकी है। डबवाली को जिला बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इसके लिए कमेटी गठित कर रखी है जो भी मांग आई है उसे कमेटी के पास भेज दिया जाता है। कमेटी पैरामीटर के आधार पर फैसला लेगी चाहे जिला बनाने की मांग हो या फिर किसी क्षेत्र को खण्ड बनाने की मांग आए।

**दोनों नेताओं के बीच हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों पर भी हुई चर्चा:** सूत्रों के अनुसार सीएम सैनी ने प्रदेश की जनता के हित में हाल ही में लिये गये हरियाणा सरकार के फैसलों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। इसके साथ ही दोनों नेताओं के बीच हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सीएम सैनी ने विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों को लेकर भी प्रधानमंत्री को जानकारी दी। गौरतलब है कि हरियाणा में तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार लगातार जनकल्याण और विकास को गति देने वाले फैसले ले रही है। सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री मोदी को हाल ही में लिए गये उन फैसलों की जानकारी दी जो सीधे तौर पर आम लोगों के लिए जरूरी थे।

### ओमान के समुद्र...

को विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने यह स्पष्ट किया था कि जहाज डूबने की इस घटना में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है और उसका शव बरामद कर लिया गया है।

### 'रणनीतिक स्वायत्तता'..

संघर्ष के समय पर हमें केवल शांति के लिए ही नहीं खड़े रहना चाहिए। बल्कि शांति के खिलाफ खड़े लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**भागीदारी में कई विषयों पर होती चर्चा:** उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बनी हुई रणनीतिक भागीदारी में कई विषयों पर चर्चा होती रही है। दोनों पक्ष एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और साझा हितों से जुड़े हुए विषयों पर चर्चा होती है। लेकिन राजनयिकों के बीच हुई बातचीत को लेकर जानकारी देना हमारी कार्यप्रणाली नहीं है।

**भारत-यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि शुक्रवार की दोपहर में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के बीच बातचीत हुई। इसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए मामलों पर चर्चा की गई।

# खेती में अत्यधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है 'कैंसर ट्रेन', हमारी धमनियों में घुला 'जहर'

## प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम में सीएम योगी बोले

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र ये हुआ कि आज वहां से 'कैंसर ट्रेन' चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर ये अधूरा सच है। आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक 'धीमा जहर' हमारी धमनियों में घुस रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत रहे। वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सीएम योगी ने कहा कि देश में कई इलाके ऐसे भी थे जहां प्राकृतिक ढंग से भी कृषि उत्पादन अधिक था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। सीएम ने कहा कि यूपी में जल्द ही एक कृषि विश्वविद्यालय को प्राकृतिक खेती के लिए समर्पित किया जाएगा।



### खास बातें

- हमारा खान-पान हो रहा प्रभावित
- बीज से बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा
- एक कृषि विश्वविद्यालय प्राकृतिक खेती के लिए समर्पित होगा
- धरती प्राकृतिक स्वरूप में थी तब अन्न का उत्पादन ज्यादा था

### हरित क्रांति से मिला लाभ अधूरा सच

योगी ने कहा कि हरित क्रांति का लाभ अन्न उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में हुआ है, मगर ये अधूरा सच है। हमें 17वीं और 18वीं सदी के भारत के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाले उत्पादन दर को भी देखना होगा जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। हमें खेती को लेकर पिछले सौ-डेढ़ सौ वर्ष में जो पढ़ाया गया है, उसमें और पुराने समय के विज्ञान में कितना अंतर है। हमें इतिहास के पन्नों को फिर से पलटना होगा। हरित क्रांति के बाद जब खेती में फर्टिलाइजर का उपयोग हुआ तो कुछ समय तक उत्पादन तो बढ़ा, मगर आज एक धीमे जहर के रूप में वह हमारी धमनियों में घुसता जा रहा है।

**युवा किडनी, हार्ट और कैंसर से हो रहे प्रभावित :** सीएम योगी ने कहा कि उनके पास सीएम राहत कोष से इलाज के लिए बड़ी संख्या में लोग धन की मांग करते हैं, इसमें सर्वाधिक मामले कैंसर के होते हैं। आज से कुछ साल पहले इतनी भयावह स्थिति नहीं थी। आज गांव-गांव में युवाओं में कोई किडनी, कोई हार्ट तो कोई कैंसर से पीड़ित हो गया है। इसका कारण है कि हमारा खानपान कहीं न कहीं प्रभावित हुआ है।

## बांग्लादेशी मुसलमानों ने हिंदुओं के घरों व परिवारों को बनाया निशाना

**रांची।** झारखंड के पाकुड़ में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा ने राजनीतिक रंग ले लिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावा किया है कि पाकुड़ में दो समुदायों के बीच झड़प नहीं हुई, बल्कि बांग्लादेशी मुसलमानों द्वारा हिंदू परिवार के घरों को निशाना बनाया गया। उपद्रवियों द्वारा पुलिस प्रशासन के वाहनों को भी निशाना बनाया गया। मरांडी ने कहा कि हिंसा के लिए हिंदू समाज के ऊपर दोष मढ़कर मामले को बैलेंस करने का प्रयास न किया जाए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि इस घटना से संबंधित कई वीडियो उपलब्ध हैं।

## नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला

# अब बिना टेंडर के पंचायतों में नहीं होंगे विकास कार्य



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 27 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। जिसमें एक बड़ा फैसला पंचायत स्तर पर लिया गया। जिसके तहत अब 15 लाख रुपए से कम की योजनाओं का भी टेंडर होगा। इसे लेकर पंचायत निर्माण कार्य नियमावली की स्वीकृति दी गई है। सरकार के इस फैसले से पंचायतों में अब मुखिया और वार्ड सदस्यों की मनमानी पर लगाम लग जाएगी।

### 27 प्रस्ताव को शहरी विकास योजना में मंजूरी

नीतीश कैबिनेट के एक और फैसले में जिला परिषदों की बेशकीमती जमीनों को लंबे समय के लिए लीज पर देने के लिए सरकार की सहमति जरूरी होगी। कृषि भूमि की लीज बाजार कीमतों पर तय होगी। इसके अलावा 27 प्रस्तावों में सीएम समग्र शहरी विकास योजना को भी मंजूरी मिल गई है। इस योजना का कार्यान्वयन बुडको और बुडा के माध्यम से होगा।

## पुल निर्माण कंपनी सिंगला पर ईडी की रेड

**पटना।** ईडी ने जानी मानी पुल निर्माण कंपनी एसपी सिंगला ग्रुप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कंपनी के कई ठिकानों पर शुक्रवार को एक साथ छापेमारी की गई। बिहार के पटना, हरियाणा के पंचकूला समेत अन्य शहरों में तलाशी ली जा रही है। पटना के बोरिंग रोड, गंगा प्रोजेक्ट ऑफिस में ईडी के अधिकारी पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि आईएएस संजीव हंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में यह कार्रवाई की गई है। हाल ही में ईडी ने बिहार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस और आरजेडी के पूर्व विधायक गुलाब यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। संजीव पुल निर्माण निगम के एमडी रह चुके हैं। निगम में पद पर रहने के दौरान संजीव पर एसपी सिंगला ग्रुप से अवैध लेनदेन के आरोप लगे हैं।



## चिंतन

# महज एक सर्वर की खराबी से ही थम गई पूरी दुनिया

माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर में शुक्रवार 19 जुलाई की सुबह खराबी आने के बाद दुनियाभर में हड़कंप मच गया। सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से दुनियाभर के एयरपोर्ट्स पर चेक इन सिस्टम और इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले बंद हो गए। इससे फ्लाइट्स के लिए चेक इन और टिकट बुकिंग सर्विसेज ठप हो गईं। भारत समेत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और इंग्लैंड में एयरलाइंस, एटीएम, बैंकिंग और कॉर्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर बुरा असर पड़ा है। ब्रिटेन में तो टेलीविजन का प्रसारण ठप हो गया। तकनीकी भाषा में इसे मेगा आईटी आउटेज कहा जा रहा है। दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो रहे हैं। इस वजह से कंप्यूटर की स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। इस एक खराबी ने पूरी दुनिया को ये भी अहसास करवाया है कि माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर की क्या ताकत है। कैसे वह दुनिया को कंट्रोल करता है और कैसे उसके सिस्टम में आई जरा सी खराबी पूरी दुनिया को जहां का तहां रोक सकती है। माइक्रोसॉफ्ट के इस ग्लिच से मुंबई से बर्लिन तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। माइक्रोसॉफ्ट की वजह से इजराइल में सेंट्रल बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुई हैं। स्पेन में एयर सर्विस प्रभावित हुई। भारत में स्पाइस जेट, इंडिगो और आकासा के टिकट बुकिंग में दिक्कत आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में न्यूज चैनल के कामकाज पर इसका असर हुआ। इस घटना के चलते दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ताओं ने बैंकों और एयरलाइंस सहित अन्य सेक्टरों में व्यापक व्यवधान की सूचना दी। प्रौद्योगिकी कंपनी ने कहा है कि वह धीरे-धीरे माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित करने वाली समस्या को ठीक कर रही है। व्यवधान का कारण, प्रकृति और पैमाना स्पष्ट नहीं है। माइक्रोसॉफ्ट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि "स्थिति में सुधार हो रहा है।" हालांकि घंटों बाद भी दुनियाभर में व्यवधान बढ़ने की खबरें आ रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर को कब तक ठीक कर लिया जाएगा और विमान, बैंकिंग व रेल सेवाएं दोबारा कब से शुरू हो पाएंगी, इस बारे में अभी कोई सटीक दावा कर पाना किसी के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा है, मगर दुनियाभर के सैकड़ों सॉफ्टवेयर इंजीनियर और साइबर विशेषज्ञ समस्या का समाधान खोजने के प्रयास में जुट गए हैं। उपयोगकर्ताओं द्वारा सूचित की गई इंटरनेट रुकावटों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' ने बताया कि वीजा, एडीटी सिक्योरिटी और अमेजन, तथा अमेरिकन एयरलाइंस और डेल्टा समेत विभिन्न एयरलाइनों में सेवाओं में व्यवधान बढ़ा है। हालांकि अभी तक तकनीकी खामी को वजह माना जा रहा है, मगर इस घटना के पीछे साइबर हमले की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अनेक विशेषज्ञ इसकी आशंका जता रहे हैं। अगर ऐसा है तो बहुत गंभीर मामला है। इससे यह भी साबित हो गया कि दुनियाभर में दहशत पैदा करना या दुनिया की रफ्तार को रोकना किसी के लिए कितना सहज है। हमें विचार करना होगा कि हम तकनीक के कितने गुलाम हो रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि सॉफ्टवेयर की खराबी जल्द सुलझ जाएगी और दोबारा ऐसा न हो, इसके भी प्रबंध किए जाएंगे।



विश्लेषण
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# एसडीजी में भारत का शानदार प्रदर्शन

2015 से पहले मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स-एमडीजी को जिस मनोभाव से एसडीजी-सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल्स जब नाम दिया गया था तो बड़े दावे किए गए थे कि हम विश्व के लोग एमडीजी में जो कर पाए वह कर पाए, लेकिन अब हम एसडीजी में इससे भी बड़ा लक्ष्य रखेंगे और काफी कुछ कर गुजरेंगे। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम नेक हों तो जो 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का हमारा दावा है, उसके अनुरूप काम करने की जरूरत होगी। प्रतिबद्ध कदम व भारत के प्रतिबद्ध नागरिक यदि एक हों, तो भारत का जो आज एसडीजी प्रदर्शन है वह विश्व में श्रेष्ठ गिना जाएगा।

दुनिया में एक शब्द गूंज रहा है-एसडीजी। यह शब्द दुनिया को बेचैन कर रखा है, क्योंकि सच्चाई यह है कि 2015 से पहले मिलेनियम डेवलेपमेंट गोल्स-एमडीजी को जिस मनोभाव से एसडीजी-सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल्स जब नाम दिया गया था तो बड़े दावे किए गए थे कि हम विश्व के लोग एमडीजी में जो कर पाए वह कर पाए, लेकिन अब हम एसडीजी में इससे भी बड़ा लक्ष्य रखेंगे और काफी कुछ कर गुजरेंगे। अब पूरा विश्व दबाव में है। संयुक्त राष्ट्र दबाव में है। वर्ल्ड बैंक, एडीबी और दूसरी अंतरराष्ट्रीय महत्व की एजेंसियां दबाव में हैं कि जो दावे हम सबने और जो लक्ष्य निर्धारित किए, वह तो हमसे बहुत दूर हैं।

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। उसने समन्वय की रणनीति को अपनाया है और यह कोशिश की है कि सतत विकास लक्ष्य को हासिल करने में पुरजोर कोशिश करेंगे, चाहे जितना हमसे दूरी तय हो सके। सतत विकास लक्ष्य को लेकर वैसे तो संयुक्त राष्ट्र में लगातार बैठकें हो रही हैं। जिन चीजों से दुनिया को खतरे हैं और मनुष्यता के खिलाफ हैं, उसके खिलाफ आवाज़ उठाई जा रही है। यह कहा जा रहा है की जो विश्व का सामान्य जीवन-गुणवत्ता बनाए रखने का पैरामीटर हैं, उसे पर देश ज्यादा ध्यान दे, लेकिन सच यह है कि विश्व के लोग ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रत्येक दिन संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष, महासचिव और उप-महासचिव के दफ्तर से जारी किए गए पत्रों को ही आंकलित किया जाए तो यह पता चलता है की जिन देशों को संयुक्त राष्ट्र से पत्र भेजे गए उसका ज़वाब भी समय से नहीं दिया जा रहा है। इस आशय का दस्तावेज़ कोई भी देश जारी करने से बच रहा है कि उसने क्या ज़वाब दिया और उसकी क्या उपलब्धियां हैं। इस बीच एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 जारी की गई है। उसमें एसडीजी इंडिया इंडेक्स की मुख्य विशेषताएं गरीबी उन्मूलन, भूख से मुक्ति, अच्छा स्वास्थ्य और खुशहाली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, अच्छा काम और आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और इंफ्रास्ट्रक्चर, असमानताओं में कमी, स्थायी शहर और समुदाय, जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन, जलवायु के अनुकूल कार्रवाई, भूमि पर जीवन, शांति, न्याय और मजबूत संस्था सभी क्षेत्रों में उल्लिखित की गई हैं। यह भी कहा गया है कि भारत का समग्र स्कोर 2018 में 57 से बढ़कर 2020-21 में 66 था और अब 2023-24 में 71 हो गया। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एसडीजी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत ने शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन, भूख और शिक्षा, पर्यावरण और शांति, न्याय के लिए समान रूप से ध्यान दिया है। मुख्य बात यह है कि भारतीय संघ में समन्वित व निर्णायक लक्ष्य तक पहुंचना एक कठिन चुनौती है, क्योंकि यहां की सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता लक्ष्य तक पहुंचने में आड़े आती है। फिलहाल भारत की प्रतिबद्धता नीति आयोग की अगुवाई में संचालित है। एसडीजी लक्ष्य पर्याप्त प्रयासों से ही संभव हैं। इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर हासिल करने की चुनौती




है। विगत लगभग एक दशक में जो भी लक्ष्य हासिल किए गए हैं, उसमें सबकी अपनी-अपनी भूमिका है। समग्र स्कोर के हिसाब से यदि जमीनी सच्चाई है तो निश्चय ही भारत एसडीजी हासिल करने में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, ऐसा कहा जा सकता है।

सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक प्रमुख क्रियाकलापों में प्रधानमंत्री आवास योजना-पीएमएवाई के तहत 4 करोड़ से अधिक घर, ग्रामीण क्षेत्रों में 11 करोड़ शौचालय और 2.23 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन,जल जीवन मिशन के तहत 14.9 करोड़ से अधिक घरों में नल का जल कनेक्शन, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ से अधिक लाभार्थी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को कवरेज, प्रधानमंत्री-जन धन खातों के माध्यम से 34 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, कौशल भारत मिशन के तहत 1.4 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित और कौशलयुक्त मानव संसाधन बनाने की बात की गई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत युवाओं की उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं के लिए 43 करोड़ ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जो कुल मिलाकर 22.5 लाख करोड़ रुपये हैं। युवाओं की सहायता के लिए स्टार्ट-अप-इंडिया और स्टार्ट-अप-गारंटी योजनाएं, बिजली तक पहुंच के लिए सौभाग्य योजना, नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देने के दावे में 73.32 गीगावॉट ऊर्जा की पहुंच बताई गई है। इंटरनेट डेटा की लागत में 97% की कमी के साथ डिजिटल बुनियादी ढांचे में सुधार, जिसने बदले में वित्तीय समावेशन को सकारात्मक रूप से प्रभावित और बढ़ावा दिया गया है, इत्यादि दावे भारत सरकार के नीति आयोग ने एसडीजी लक्ष्य बताया है। यह सब दावे निश्चय ही उल्लेखनीय हैं लेकिन इसमें जो बुनियादी सफलता है, वह यह है कि सरकार अनुकूल विज़ुअलाइजेशन के लिए उसे जमीनी स्तर पर देख सकती है। इसी से 71 तक स्कोर बढ़ा है। नीति आयोग के दावे और उसकी अपनी संतुष्टि चाहे जो भी हो लेकिन अब भारत को बेहतरी की ओर बढ़ने की ज़रूरत है। जिन क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्य को लेकर हमारी खामियां हैं क्या भारत सरकार उसके लिए कोई ऐसा मापांक तैयार कर पाया है? प्रश्न यह है कि भारत में जो जनजीवन है वह एसडीजी के दावों के मुताबिक ही प्रगति कर सका है, इसको परखने के लिए कोई अलग से मॉनीटरिंग व्यवस्था सरकार अब तक खड़ी कर सकी है? यदि नहीं तो जो डाटा भारत की ओर से दिया जा रहा है, उसे कल झुठलाने वाले खड़े होंगे तो कोई सरकार के पास ज़वाब नहीं होगा। भारत को यह दिखाना होगा कि वह कुछ बेहतर कर रहा है तो उसे अपने देश के रक्षा सौदों में निवेश को रोकना होगा। कुछ विशेष न हो तो जो संत महात्मा प्रवचन करके अपने होने का एहसास दिलाते हैं। उनके माध्यम से जन-जन में प्रेम व शांति बनाने की कोशिश करनी होगी। वे भारत में अपराध कम करने के लिए क्या अवदान दे सकते हैं, इसके लिए एडवाइजरी जारी होनी चाहिए। संत व प्रवचनकर्ता कितने लोगों को मुख्यधारा में शामिल कर शांति स्थापित किए, यह मायने रखता है। भारत रक्षा सौदे में निवेश की जगह शिक्षा व स्वास्थ्य, अच्छे मानव संसाधन तैयार करने हेतु निवेश बढ़ाए, जलवायु सुरक्षा के लिए कार्य करे, इसके लिए राज्य की ओर से विशेष एडवाइजरी यदि बने तो भारत एसडीजी लक्ष्य में कुछ अलग प्रदर्शन कर सकेगा। हमारा लक्ष्य है कि हम नेक हों और विश्व में हमारे अभिषेक हों तो जो 2047 तक विकसित भारत की दिशा में प्रगति का हमारा दावा है, उसके अनुरूप काम करने की जरूरत होगी। इसके लिए भारत के निर्णायक कर्त्तव्य ही उसे इस स्तर पर ले जा सकते हैं। प्रतिबद्ध कदम, प्रतिबद्ध नेतृत्व व भारत के प्रतिबद्ध नागरिक यदि एक हों, तो भारत का जो आज एसडीजी प्रदर्शन है वह विश्व में श्रेष्ठ गिना जाएगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



लोहागढ़ किला समुद्र तल से 3400 फीट की ऊंचाई पर स्थित यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल और महाराष्ट्र की प्रमुख ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। महाराष्ट्र का यह प्रसिद्ध किला पुणे से लगभग 52 किलोमीटर और लोनावाला हिल स्टेशन से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। महाराष्ट्र के प्रमुख किले में में से एक लोहागढ़ का किला 18 वीं शताब्दी का किला हैं जोकि ऐतिहासिक महत्व के साथ साथ अलग-अलग समय में कई राजवंशों के लिए शक्ति का प्रमुख केंद्र रहा है।

## अंतर लोक की यात्रा का समय चातुर्मास



संकलित
दर्शन

चतुर्मास आत्मशुद्धि का पर्व है। संस्कार शुद्धि का अवसर है। मनीषियों ने मन की साधना को परिपक्व एवं पुष्ट करने के लिए तन की तीन विधियां प्रतिपादित की हैं। आतप ग्रहण, शीत सहन और प्रतिसंलीनता। इन तीन विधियों के अनुष्ठान के लिए अलग-अलग ऋतुओं का विधान किया है। ग्रीष्म ऋतु आतप ग्रहण के लिए सबसे सही मानी गई है। सूर्य की ऊर्जा का पृथ्वी से सर्वाधिक संपर्क गर्मी के मौसम में होता है। शरीर के अंदर विद्यमान पृथ्वी तत्त्व चार माह तक यदि सूर्य की सन्निधि में रहता है तो पृथ्वी तत्त्व में सघनता बढ़ती जाती है। उसमें स्थायित्व गुण का विकास होता है। शीत ऋतु में जलीय तत्त्व प्रचुर मात्रा में प्रकृति में होता है। यह समय ही शरीर में अधिकतम जल संचयन का है। अत साधकों को निर्देश दिया है कि वे रात्रि में एकांत में शीत सहन करें। वर्षा ऋतु, प्रतिसंलीनता नामक तप के लिए सबसे सही समय है। यों तो ग्रीष्म और शरद ऋतु के भी चार-चार महीने होते हैं। पर चातुर्मास शब्द वर्षा के चार महीनों के लिए ही प्रयुक्त हुआ है। जैन शास्त्रों में इसे 'वर्षावास' कहा है अर्थात वर्षा के समय में 'आवास' करना है, यात्रा नहीं। इस तप में बहिर्यात्रा बंद तथा अंतर्यात्रा प्रारंभ हो जाती है। अंतर्यात्रा के प्रस्थान बिंदुओं और पड़ावों में चार तत्त्व मुख्य रूप से उभरते हैं। प्रथम है देह, द्वितीय है मन, तीसरा है कर्म और चौथा है आत्मा। पहले देह की गतिविधियां न्यूनतम स्तर पर लाई जाती हैं।

## ईश्वर की खोज करने से पहले स्वयं को समझें



संकलित
प्रेरणा

इंसान की इच्छा हमेशा दूसरों को जानने में अधिक रहती है। लेकिन, खुद को जानने की न तो उसके पास इच्छा है और न ही समय। ईश्वर की खोज भी वह इसी इच्छा के अधीन होकर करता है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए वह तमाम जतन भी करता है, लेकिन वह भूल जाता है कि ईश्वर की खोज करने से पहले स्वयं को समझना जरूरी होता है। स्वयं को जाने बिना, अपनी सोच के तौर-तरीकों को समझे बिना, अपनी संस्कारबद्धता की पृष्ठभूमि को समझे बिना, आप किसी भी चीज की सही-सही परख कैसे कर सकेंगे? यदि आप ईश्वर या सत्य या और किसी नाम से 'तुष्टि' की खोज कर रहे हैं, तो नाम चाहे कुछ भी हो, आपको पता होना चाहिए कि वह चीज असल में क्या है, जिसे आप पाना चाहते हैं। जब आप कहते हैं, 'मैं स्थायी खुशी की तलाश कर रहा हूं'-ईश्वर, या सत्य या कुछ और पाना चाहता हूं, तो आपको उस खोज करने वाले को भी समझना होगा, जो इस तलाश में लगा है। यह संभव है कि स्थायी सुरक्षा, स्थायी खुशी नाम की कोई चीज ही न हो। हो सकता है कि सत्य पूर्णतया भिन्न हो; और मुझे लगता है कि आप जो देखते हैं, सोचते हैं, प्रतिपादित करते हैं, सत्य उन सबसे पूर्णतया भिन्न है। इसलिए किसी स्थायी चीज को खोजने से पहले क्या यह जरूरी नहीं लगता कि पहले खोजने वाले को समझा जाए? क्या खोजने वाला उस चीज से अलग है, जिसे वह खोज रहा है? जब आप कहते हैं, 'मैं सुख खोज रहा हूं' तो क्या खोज करने वाला खोज के लक्ष्य से भिन्न है?

## विश्व शतरंज दिवस

डॉ. मोनिका शर्मा



# मान बढ़ा रही नई पीढ़ी

दुनियाभर में शतरंज के खेल में भारत की नई पीढ़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। ऊर्जा और आशाओं से भरे इन युवाओं ने शतरंज के खेल की बिसात पर भारतीय मेधा का लोहा मनवाया है, जिसके चलते इस खेल में हमारे देश की धाक और साख दोनों बढ़ी है। कई युवा खिलाड़ियों ने इस दिमागी खेल में देश को विशेष पहचान दिलाई है। ज्ञात हो कि शतरंज का खेल मूलतः भारत से निकलकर ही दुनियाभर में पहुंचा है। पहले इस खेल को 'चतुरंग' के नाम से जाना जाता था। अब 1924 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिड़े) के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए हर वर्ष 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस मनाया जाता है। सुखद है कि भारत से ही अरब होते हुए यूरोप तक पहुंचने वाले इस खेल में भारत अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। विश्वनाथन आनंद के बाद अब युवा पीढ़ी शतरंज में देश का प्रभावी प्रतिनिधित्व कर रही है। आनंद 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे। हाल ही में 21 साल के अर्जुन एरिगासी शतरंज की दुनिया में उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश के नए नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी बने हैं। अप्रैल-2024 की इंटरनेशनल चेस फेडरेशन की वर्ल्ड रैंकिंग सूची में अर्जुन 9वें स्थान पर हैं। यह वैश्विक रैंकिंग पाने के बाद अर्जुन एरिगासी ने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ दिया है। सुखद है कि इस खेल में विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद अगली पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल के वर्षों में कई युवा खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर इस खेल में धाक जमाई है। कुछ समय पहले डोम्माराजू गुकेश ने फिडे कैंडिडेट्स 2024 जीतकर इतिहास के पन्नों पर अपना नाम लिखवाया है। गौरतलब है कि गुकेश कास्परोव के पांच साल के जीत के रिकॉर्ड को तोड़कर सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। शीर्ष रैंक वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ियों में विश्वनाथन, गुकेश, प्रगनानंद, अर्जुन एरिगासी और विदित गुजराती समग्र संसार को भारत की प्रतिभा से परिचय करवा रहे हैं। डोम्माराजू गुकेश तो मौजूदा समय में दुनिया के तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। वहीं प्रगनानंद इस खेल के सबसे चर्चित चेहरों में एक बने हुए हैं। 10 साल की आयु में अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतकर प्रगनानंद शतरंज के इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। वहीं 29 साल के विदित गुजराती भी देश के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं। विदित ने अपना पहला विश्व कप 2015 में खेला था। 2017 और 2019 में विदित तीसरे राउंड तक पहुंचने में सफल रहे। शतरंज में महिला खिलाड़ी भी देश का मान बढ़ाने में पीछे नहीं हैं। कोनेरू हम्पी,वैशाली रमेश बाबू, हरिका द्रोणावल्ली चर्चित खिलाड़ी हैं। 2008 में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली हरिका 2024-2025 फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स सीरीज में भारत का नेतृत्व करने जा रही हैं। वहीं वैशाली रमेश बाबू को अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। वैशाली, कोनेरू हम्पी और हरिका के बाद यह उपाधि पाने वाली तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर हैं। ध्यातव्य है कि वैशाली और प्रगनानंद भाई-बहन हैं। यह दुनिया की पहली ग्रैंडमास्टर भाई-बहन की जोड़ी भी है। शतरंज के खेल में अपनी रणनीतिक चालों के जरिये भारतीय मेधा से दुनिया का परिचय करवा रहे इन युवा चेहरों ने अपनी ही नहीं देश की भी विशेष पहचान बनाई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरनाथ यात्रा मंगलमय हो

बाबा बर्फानी अर्थात अमरनाथ की यात्रा शुरू हो चुकी है। सरकार और प्रशासन ने श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराने के पुख्ता इंतजाम तो किए ही हैं, आतंकवाद से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सेना भी तैयार है। लेकिन इस यात्रा को और सुखद, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के लिए श्रद्धालुओं को भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार और प्रशासन ने जो भी नियम इस यात्रा के लिए बनाए हैं, उनका पालन गंभीरता से करना चाहिए। जो भी रास्ता प्रशासन ने बताया है या जिन चीजों के लंगर लगाने की इजाजत दी है, उसी रास्ते का प्रयोग करना चाहिए और उन्हीं चीजों के लंगर लगाने चाहिए। दूसरा, लोगों को वहां शांति और अनुशासन में रहकर यात्रा करनी चाहिए, भगदड़ करने से बचना चाहिए। **- रमेश साहू, बिलासपुर**

## करंट अफेयर

# भारत डब्ल्यूएचसी के 46वें सत्र की मेजबानी को तैयार



भारत 21 से 31 जुलाई के बीच देश में पहली बार आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। सूत्रों ने बताया कि इस सत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं। सत्र से पहले सरकार ने हाल ही में एक सार्वजनिक कला परियोजना शुरू की है, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और देश के यूनेस्को विरासत स्थलों पर आधारित कलाकृतियां शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित 46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक के तहत विश्व धरोहर स्थलों और भारत के प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थलों से प्रेरित कुछ कलाकृतियां और मूर्तियां जैसे भीमबेटका को प्रस्तावित कलाकृतियों में विशेष स्थान दिया जाएगा। विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) का 46वां सत्र भारत में पहली बार 21-31 जुलाई के बीच दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 21 जुलाई को इस कार्यक्रम का उद्घाटन कर सकते हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बताया कि पिछले साल सितंबर में 'होयसल के पवित्र स्थलों' को प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिलने के साथ ही भारत में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है।

## ऑफ बीट

# गंगा, यमुना में पूजा-पाठ सामग्री फेंकने से रोकने के सुझाए उपाय



गंगा और यमुना नदियों में पूजा पाठ की सामग्री फेंकने से रोकने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने समारोह, अनुष्ठान और मूर्ति विसर्जन के लिए खास स्थान विकसित करने सहित अतिरिक्त कदम उठाने का सुझाव दिया है। एनजीटी ने गढ़मुक्तेश्वर, कानपुर, बिठूर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा और मथुरा के जिलाधिकारियों को उन स्थानों को चिह्नित करने और उन पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया, जहां ऐसी वस्तुएं फेंकने या विसर्जित करने की संभावना है। एनजीटी एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने यमुना और गंगा नदियों में पॉलीथीन की थैलियों में पैक किए गए फूल और मालाओं को फेंकने के संबंध में एक समाचार पत्र की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया था। हाल में एक आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि अधिकरण के पूर्व निर्देशों और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति तथा यमुना प्रदूषण से निपटने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के विभिन्न निर्णयों के बावजूद पूजा सामग्री और मालाएं फेंकने के कारण प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे।

## ट्रेंड

### सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश



इस महीने की मन की बात, जो रविवार 28 तारीख को होगी, के लिए मुझे कई इनपुट मिल रहे हैं। यह देखकर खुशी हुई कि कई युवा विशेष रूप से हमारे समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अहंकार छोड़ देंगे



मानवता में शांति भौतिकवादी राजनीतिक विचारधारा धर्म द्वारा स्थापित नहीं की जा सकती। यह तभी उत्पन्न हो सकती है जब वेदों के अनुसार आत्म-जागरूक ब्रह्मांड की शांति अपनाएंगे और अहंकार छोड़ देंगे।
**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**

### साझी विरासत पर हमला



हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में ठेलों और दुकानों पर मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का आदेश संविधान और साझी विरासत पर हमला है।
**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**

### आजीवन प्रतिबद्धता पर गर्व



मुझे और मेरी बहनों को मेरी दिवंगत मां इंदिरा और शिक्षा के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता पर बेहद गर्व है। उनकी स्मृति में महिंद्रा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन को स्थापित करना हमारा सौभाग्य था।
**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम लखनऊ में हुआ आयोजित

# 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में किया जाएगा जागरूक: चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के 'धरती मां को रसायनों से बचाने के स्वप्न' को पूरा करते हुए हम पूरी कोशिश करेंगे, ताकि आने वाले समय में किसान रसायन मुक्त खेती करें ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ्य रहे।

देश के एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि वे देश के हर कोने में जाकर इसका प्रचार कर सकें। उन्होंने देश के किसानों का आह्वान किया कि वे अपने खेत के एक हिस्से पर प्राकृतिक खेती करें। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में चौहान ने कहा कि शुरुआती तीन सालों में जब किसान प्राकृतिक खेती करेंगे तो पैदावार कम होगी और ऐसी स्थिति में सरकार किसानों को सब्सिडी देगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उगाए हुए अनाजों, फलों और सब्जियों की बिक्री से किसानों को डेढ़ गुना ज्यादा दाम मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों में प्राकृतिक खेती के अध्ययन व खोज के लिए प्रयोगशालाओं को स्थापित किया जाएगा जिनकी मदद से देश में प्राकृतिक खेती को मदद मिलेगी और अन्न के भंडार भी भरेंगे। देश के एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि वे देश के हर कोने में जाकर इसका प्रचार कर सके। उन्होंने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार सभी हितधारकों से परामर्श करके प्राकृतिक खेती के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएगी। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती और जैविक खेती दो अलग-अलग चीजें हैं और इस अंतर को समझना जरूरी है।

उन्होंने प्राकृतिक खेती के फायदों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में पानी की कम जरूरत होती है और यह किसानों के लिए काफी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि अब सरकार प्राकृतिक खेती के महत्व को समझ गई है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सभी छह कृषि विश्वविद्यालयों को प्रमाणन प्रयोगशालाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

पंजाब को मेगा फूड पार्क देने की मांग, पासवान से मिले खुड्डियां

# केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री को बठिंडा में मेगा फूड पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव सौंपा

अमृतसर के लिए फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी की भी मांग की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पंजाब में कृषि को लाभदायक बनाने, रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए पंजाब के कृषि और किसान कल्याण एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान को बठिंडा में मेगा फूड पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव सौंपा है। नई दिल्ली में शुक्रवार को पंचशील भवन में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान खुड्डियां ने मालवा क्षेत्र में मेगा फूड पार्क की आवश्यकता के बारे में बात करते हुए कहा कि यह मेगा फूड पार्क जल्द खराब होने वाली कृषि उपज से प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्माण करके घरेलू और निर्यात बाजार के लिए उपयुक्त और लाभदायक साबित होगा।

उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की मेगा फूड पार्क योजना के तहत लुधियाना जिले में लाडोवाल में स्थापित मेगा फूड पार्क की सफलता को देखते हुए मालवा में एक और मेगा फूड पार्क स्थापित करने की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि बठिंडा में मेगा फूड पार्क स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

खुड्डियां ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पासवान से लाडोवाल मेगा फूड पार्क के लिए ग्रांट-इन-एड की लंबित चौथी किस्त जारी करने और अमृतसर में आवश्यक मान्यता सहित फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी स्थापित करने के लिए भी जोरदार अपील की क्योंकि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, व्यापारियों, पंजाब राइस मिलर्स एसोसिएशन और अचार-मुरब्बा एसोसिएशन को मोहाली या दिल्ली से अपने उत्पादों की टेस्टिंग करानी पड़ती है।

इस बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य प्रसंस्करण राखी गुप्ता भंडारी तथा विशेष प्रमुख सचिव कृषि केएपी सिन्हा और खाद्य प्रसंस्करण विभाग और केंद्रीय मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

क्राइम ब्रांच करेगी मामले की जांच

# यूपीएससी की शिकायत पर पूजा के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने यूपीएससी की शिकायत पर ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, आईटी और विकलांगता अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

पूजा पर अपने माता-पिता की गलत जानकारी यूपीएससी को देने का आरोप है। क्राइम ब्रांच जल्द ही उनसे पूछताछ कर सकती है। कई दिनों से सुर्खियों में चल रही आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले दिनों उनकी मां भी उस समय विवादों में आई थी, जब वह हाथ में पिस्टल लहरा रही थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल रहा। इस घटना के बाद से ही पूजा की माता और पिता दोनों ही फरार चल रहे थे। पुणे ग्रामीण पुलिस ने इस मामले में पूजा की मां मनोरमा को महाड से एक दिन पहले ही हिरासत में लिया था। पूजा की मां मनोरमा खेडकर को रायगढ़ के करीब महाड से गिरफ्तार किया गया। मनोरमा पर पिस्टल दिखाकर किसानों को धमकाने का आरोप है। क्राइम ब्रांच द्वारा केस दर्ज किए जाने को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारी अभी मौन हैं।

# कर्नाटक में सरकारी अधिकारी-इंजीनियरों के यहां छापेमारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में राज्यभर में करीब 12 अधिकारियों के आवास, कार्यालय और अन्य संपत्तियों समेत 55 जगहों पर छापे मारे। बेंगलुरु में 6, बेंगलुरु ग्रामीण जिले में 2, शिवमोग्गा में 2 और यादगिरी और तुमकुरु में 1-1 स्थान पर छापेमारी की।

लोकायुक्त अधिकारियों ने संपत्तियों की तलाशी ली। कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड के निदेशक की बेंगलुरु के नगराहभावी इलाके में 7 संपत्तियों, बनशंकरी में उनके घर और चिक्कनायकनहल्ली और रंगनाथपुरा में उनके फार्महाउस की तलाशी ली। एक नगर पालिका आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग के संयुक्त आयुक्त के बेंगलुरु आवास और संपत्तियों और बेंगलुरु ग्रामीण, शिवमोग्गा और यादगिरी जिलों में ग्राम पंचायत अध्यक्षों के आवासों पर छापेमारी की गई।

उप वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने कहा

# रूस-यूक्रेन संघर्ष ने प्रदर्शित की सशस्त्र सेनाओं के बीच एकीकरण की ताकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



उप वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि रूस और यूक्रेन संघर्ष ने जमीन, हवा, समुद्र, साइबर और सूचना व स्पेस में सशस्त्र बलों के बीच एकीकरण की ताकत को प्रदर्शित किया है। साथ ही ये साबित किया है कि कैसे एकजुट होकर लक्ष्य को प्राप्त किया जाता है।

राष्ट्र की रक्षा करना केवल वर्दी वाले कर्मियों की ही नहीं बल्कि सबकी जिम्मेदारी है। यह जानकारी 19 जुलाई को राजधानी में सीएपीएस थिंक टैंक द्वारा आयोजित की गई एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल एक शब्द नहीं है। यह कुछ ऐसा है जिसमें सभी भागीदारों को अपना दिल-आत्मा लगाने की जरूरत है। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रौद्योगिकियों का विकास और निर्माण देश में हो, जिससे हमें हथियारों के लिए बाकी देशों या बाहरी एजेंसी पर निर्भर न रहना पड़े। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये एजेंसी (बाहरी) समय बदलने पर अपने साथी बदल सकती है और भारत में हथियारों का प्रवाह रोक सकती है। इस संगोष्ठी के दौरान हवाई और मिसाइल रक्षा को लेकर प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जिसका उप वायुसेनाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अगर हमें कुछ करना है तो मुकाबले में डटे रहना होगा। आधुनिकीकरण के साथ-साथ लगातार नवाचार के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। हमने ऐसा नहीं किया तो हम पिछड़ जाएंगे और बस पीछे-पीछे चलेंगे। कुछ साल पहले जो चीजें अकल्पनीय थीं। आज वो हकीकत हैं। युद्ध से पड़ने वाले प्रभाव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमें अपने कार्यों के साथ-साथ चुस्त और लचीला भी होना चाहिए। आत्मनिर्भरता का संबंध डीआरडीओ से डीपीएसयू लेकर निजी उद्योग तक है। यही हमें सही मार्ग पर ले जा सकते हैं। इस मार्ग से हम भटकना नहीं चाहिए, क्योंकि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की आती है। तो यह अनिवार्यता बन जाती है कि अगर हमें मार्ग से अपनी जरूरत की चीजें न मिलें तो हमें मार्ग बदलना पड़ता है।

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहतक (हरियाणा) में निम्नानुसार कुल 103 गैर- दावाकृत लावारिश वाहनों को पुलिस विभाग द्वारा 47G, हरियाणा पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत जब्त किया गया है। परन्तु अब तक इन वाहनों के संबन्ध में किसी व्यक्ति विशेष द्वारा दावा नहीं किया गया है। ये वाहन जिला पुलिस मालखाना सैक्टर 01 रोहतक में खडे है। नियमो के अनुसार इन वाहनो का निपटान करना आवश्यक है। सूची में दर्शाए गए वाहनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति विशेष इस सार्वजनिक सूचना के अनुसार मालिकाना प्रमाण पत्र सहित कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय, जिला रोहतक या प्रभारी जिला पुलिस मालखाना सैक्टर 01 रोहतक के कार्यालय में 07 दिन के अन्दर-2 आकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है। यदि कोई दावा प्राप्त नही हुआ तो इन वाहनों का निपटान नियमों के अनुसार कर दिया जाएगा। वाहनों की सूची नीचे तालिका अनुसार दर्शाई गई है :-

| S/N | DDE NO & DATE | U/S | POLICE STATION | REG NO OF VEHICLE | Marka & Model | Colour | ENGINE NO | CHASIS NO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DDNO 21 DT 09-02-2024 | 47GHP ACT | PGIMS | HR12Q4865 | M/C SPL | BLACK | HA10EAA9C288 27 | NILL |
| 2 | DDNO 21 DT 09- 02-2024 | 47GHP ACT | PGIMS | HR1251823 | M/C SPL | BLACK | HA10EFB9KU10 19 | MBLHA10EZB 9K01590 |
| 3 | DDNO 21 DT 09-02-2024 | 47GHP ACT | PGIMS | HR1289413 | SCOOTER CHETAK | SKY | 5EBEA8517 | 06GBEA7319 3 |
| 4 | DDNO 15 DT 27-02-2024 | 47GHP ACT | Urban Estate | HR12AC9004 | M/C PLATINA | BLACK | DZUBTG16820 | MDZDDDZZZ TPG12022 |
| 5 | DDNO 34 DT 27-02-2024 | 47GHP ACT | Urban Estate | HR19K4209 | M/C AAPCHE | WHITE | 0E6AG2060271 | MD634KE66 G2A88492 |
| 6 | DDNO 20 DT 22- 04-2024 | 47GHP ACT | Urban Estate | HR13R4545 | M/C SPL | BLACK | HA11EDNHC363 28 | MBLHAW122 MHC08572 7 |
| 7 | DDNO 09 DT 17- 04-2024 | 47GHP ACT | SADAR | NILL | M/C H. SHINE | BLACK | JE36F73658535 | 4JC36PHE702 5288 |
| 8 | DDNO 09 DT 17-04-2024 | 47GHP ACT | SADAR | HR05W5272 | M/C PULSAR | BLACK | DHGBRA66035 | NILL |
| 9 | DDNO 20 DT 20- 04-2024 | 47GHP ACT | Civil line | HR63E3815 | AUTO CNG | GREEN | AZYWHH67821 | MD2A27AY2 KWH29500 |
| 10 | DDNO 20 DT 20- 04-2024 | 47GHP ACT | Civil line | NILL | M/C BOXER | BLACK | NILL | NILL |
| 11 | DDNO 20 DT 20- 04-2024 | 47GHP ACT | Civil line | NILL | SCOOTY JUPITR | BLACK | NILL | MD2626EG4 2J3C19454 |
| 12 | DDNO 6 DT 13- 04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/CHH SPL | BLACK | HA10EHC9B218 86 | MBLHA10AD C9B20051 |
| 13 | DDNO 6 DT 13-04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/C HF DELUX | RED/BLACK | HA11ENJGA100 68 | MBLHA204JG C10162 |
| 14 | DDNO 6 DT 13-04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/C DISCOVER | BLACK/ B LUE | 1 NG BP G44636 | MD2DSJNZZP CG38238 |
| 15 | DDNO 6 DT 13-04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/C HH HF DELUX | BLACK | HA11EA8912486 6 | MBLHA11EE8 9104828 |
| 16 | DDNO 6 DT 13-04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/C HH HF DELUX | BLACK | HA11EFE9B461 52 | MBLHA11AEE 9B504 |
| 17 | DDNO 6 DT 13-04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/C HERO | BLACK | HA10EA9HC534 60 | MBLHA10EE9 HC28838 |
| 18 | DDNO 6 DT 13-04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/C HERO SPL | BLACK | 0HK1510700 | OHK16F11008 |
| 19 | DDNO 6 DT 13-04-2024 | 47GHP ACT | MEHAM | NILL | M/C 11 H SPL | BLACK | HA10EA99K025 80 | MBLHA10EJ9 9K00 |
| 20 | DONO 36 DT 29-05-2024 | 47GHP ACT | Bahu Akbarpur | NILL | M/C SPL | BLACK/ BLUE | HA1OCHA94021 24 | MBLHA1OEZB HL11352 |
| 21 | DONO 36 DT 29-05-2024 | 47GHP ACT | Bahu Akbarpur | NILL | SCOOTY ACTIVA | YELLOW | JF50EW0047308 | NILL |
| 22 | DDNO 31 DT 20-05-2024 | 47GHP ACT | Bahu Akbarpur | NILL | M/C HF DELUX | BLACK | MBLHAROSOH91 49063 | HAIIEPM94 26604 |
| 23 | DDNO 31 DT 20-05-2024 | 47GHP ACT | Bahu Akbarpur | NILL | M/C H HONDA | BLACK | 98K17E04B44 | 02K2000414 2 |
| 24 | DDNO 22 DT 14-05-2024 | 47GHP ACT | SAMPLA | NILL | M/C H SPL | | NILL | .....735 25 |
| 25 | DDNO 7 DT 09-03-2024 | 47GHP ACT | SAMPLA | NILL | M/C HF DELUX | | .....13182 | ...13 383 |
| 26 | DDNO 17 DT 14-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12M | M/C SPLENDER+ | BLACK | HA10EA9HF215 99 | MBLHA1OEE9 HF20774 |
| 27 | DDNO. 14 DT11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | DL8SU6452 | M/C PULSAR SPORTS | BLUE | DHGBJD32603 | HDHVB.11)326 59 |
| 28 | DDNO. 27 DT11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12G4895 | M/C HH PASSION | BLACK | 01A08M13607 | 04L09C13863 |
| 29 | DDNO 27 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C H SPLENDER | BLACK | HA10EJEHE56072 | MBLHA10AM EHE77012 |
| 30 | DDNO 27 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C H SPLENDER | BLACK | HAI0FRFHA795 57 | MBLHAIOBFF HA3171 |
| 31 | DDNO 27 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | DL9SL0961 | M/C HH SUPER | CHERY | 05JAAM03921 | 05JAACO3834 |
| 32 | DDNO 27 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | DL4SU5636 | M/C SPLENDER | RED | HA1OEFAHNO87 1 | MBLHA10EYA H056... |
| 33 | DDNO 33 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C YAMHA | BLACK | G301E154783 | ME1RG0625J 0064255 |
| 34 | DDNO 33 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR34G7848 | M/C PULSAR 200 | BLACK/ WHITE | JL2CEB83418 | MD2A36FZ2E CB94148 |
| 35 | DDNO 23 DT 11-05-2024 | 4761-IP ACT | Shivaji Colony | HR42...... | M/C BAJAJ PLETINA | BLACK | DDMBPL85350 | MD2DDDZZZ PWL65329 |
| 36 | DDNO 33 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR77A7400 | M/C HH HF | BLACK/ RED | HA11EKG9B018 49 | MBLHAI1AZ G9B01839 |
| 37 | DDNO 33 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12T..... | M/C NH CD DELUXE | BLACK/ BLUE | HA11EDC9G206 34 | MEILNAIIER C9G17175 |
| 38 | DDNO 33 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12G2043 | M/C BAJAJ CT- 100 | BLACK | DUMBLGOG672 | DUCBLGO819 4 |
| 39 | DDNO 36 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | SCOOTY ACTIVA | GRAY | JC44E0371597 | NILL |
| 40 | DDNO 36 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12N5694 | SCOOTY ACTIVA | WHITE | JC44E0626764 | ME4JC44EDA 8191719 |
| 41 | DDNO 36 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR15A9107 | M/C HH SPLENDER | BLACK | HA1OEFB9C190 24 | MBLHA10EZB 9000019 |
| 42 | DDNO 36 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12Y3982 | SCOOTY ACTIVA | WHITE | JF50E71245434 | ME41F502KE 7245394 |
| 43 | DDNO 23 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR951730 | M/C TVS SPORTS | BLACK | NF5KH1590240 | MD625PF50 H1K85500 |
| 44 | DDNO 23 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR14E4985 | M/C HH SPLENDER | BLACK | HA10AGI-IHDG5 949 | MBLHARO8X HHD25 |
| 45 | DDNO 23 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | DL9SAJ8662 | M/C YAM HA FZ | RED | 210E048926 | ME121C0EAC 2048594 |
| 46 | DDNO 23 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C H. HONDA | BLACK | NILL | |
| 47 | DDNO 23 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | FIR77A9841 | M/C H HF DELUXE | BLACK | HA11E1G9E2908 7 | MBLHA11AT G9E098 |
| 48 | DDNO 18 DT 13-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12Q5531 | M/C HH SPLENDER NXG | BLACK 8 | HAI2EFA910705 A9J06970 | MBLHAI2EM |
| 49 | DDNO 31 DT 31-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12R7165 | M/C HH SPL + | BLACK | HA1OEFB9F1189 9 | MBLHA10EZB 9F06906 |
| 50 | DONO 07 DT 08-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR16Q7754 | M/C BAJAJ 1 PLETINA | BLACK | DZZPEC68895 | MD2A18AZ2 EPC68394 |
| 51 | DDNO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR4OH5825 | M/C H SPL + | BLACK | HA IOAG W 1621 61 | MBLH 82AW086 KHJ41782 |
| 52 | DDNO 22 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | SCOOTY ACCESS 125 | WHITE | NILL | Mb8cf4calf87 02076 |
| 53 | DDNO 21 DT 10-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C HH SPL | BLACK | A1OAHKHHOS9 15 54 | MBLHAH088 KHH14720 |
| 54 | DDNO 21 DT 10-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR13F8241 | M/C HH SPL | BLACK | HA1OEFC9B141 29 | MBLHA10EZC 9B36979 |
| 55 | DDNO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12N... | M/C BAJAJ PULSER | BLACK | DKGB5G23897 | MD2DHDK22 SCG26063 |
| 56 | DDNO 22 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C APPACHE | WHITE | 0F6KF2054337 | MD634KE69E 2K6.... |
| 57 | DDNO 20 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR77A8247 | M/C APPACHE TVS | WHITE | AF9GL2X00143 | MD634AE98L 2G00252 |
| 58 | DDNO 20 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C HH SPL | BLACK | 04B15M38917 | 04816C4731 8 |
| 59 | DDNO 22 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C SPL NXG | BLACK | HAI2EB890007 18 | MBLHAI2ED 89D006.. |
| 60 | DDNO 27 DT 31-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR71C3832 | M/C APPACHE TVS | BLACK | 0E4FD2480886 | MD634KE47 D2F91992 |
| 61 | DDNO 27 DT 31-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR14D6069 | M/C APPACHE TVS | BLACK | 0E4G821028855 | MD634KE478 2G01667 |
| 62 | DDNO 17 DT 14-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR10Q2127 | M/C HH SPL | BLACK | HA1OEFA910061 | MBLHA10EZA 9J03483 |
| 63 | DDNO 18 DT 13-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C BAJAJ PLETINA | GRAY | DUUBTA59803 | MD2DDDZZZ TPA28665 |
| 64 | DDNO 18 DT 13-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12R6928 | M/C BAJAJ PLETINA | BLACK | DZUBUD94534 | MD2DDDZZZ UPD89781 |
| 65 | DDNO 18 DT 13-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | H33618005 | M/C HH HF DELUX | BLACK | 07K22E14465 | 07K02F18628 |
| 66 | DEMO 24 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR15B4365 | M/C HONDA SINE | BLACK | JCE7402721 | ME4JC36JMC 7263266 |
| 67 | DDNO 18 DT 13- | 47GHP ACT | Shivaji | NILL | M/C HH HF DELUXE | BLACK / RED | HA11E1G9G235 10 | MBLHA11AT G9G10960 |
| 68 | DDNO 24 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C HH SPLENDER | BLACK | HA1OEFA9F242 15 | MBLHA10EZA 9F13256 |
| 69 | DDNO 07 DT 08-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12X2181 | M/C H IGNETOR | BLACK | JC59AAEGA003 27 | MBUC56AAE GA00232 |
| 70 | DDNO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12M2373 | M/C BAJAJ PLETINA | RED | DUUBSB41134 | MD2DDDZZZ SPB79644 |
| 71 | DDNO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12AC... | M/C BAJAJ PLETINA | BLACK | PFZRGG52566 | MD2A76A29 GRH79823 |
| 72 | DDNO 24 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12J4588 | M/C HH SPLENDER | BLACK | 07815M14448 | 07B1GC1409 9 |
| 73 | DDNO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12R4023 | M/C BAJAJ DISCOVER | BLACK | JBUBJL74442 | MD2DSPAZZT P141058 |
| 74 | DDNO 27 DT 31-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR60D3307 | M/C HH SPLENDER | GREEN | HA1OEFB9H00695 | NILL |
| 75 | DDNO 27 DT 31-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12U1620 | M/C BAJAJ DISCOVER | BLACK | J2ZPCD24553 | MD2A15BZ8 CPD04017 |
| 76 | DDNO 17 DT 14-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | SCOOTY ACCESS SUJUKI | WHITE | F4861239224 | MB8CF4CAJD 8209495 |
| 77 | DDNO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12G5779 | M/C BAJAJ CT- 100 | CHERY | DUMBMA62821 | DUFBMA709 86 |
| 78 | DDNO 27 DT 31-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR77A9841 | M/C HH HF DELUXE | BLACK | HA11EFE9CO573 4 | MBLHA11AEE 9C07787 |
| 79 | DDNO 21 DT 10-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | SCOOTY ACTIVA | BLAVK | JF50E80688828 | ME4JF501AE 8689879 |
| 80 | DDNO 07 DT 08-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR13F9757 | SCOOTY ACTIVA WIGO | WHITE | 0G4CC1339992 | MD626AG49 C1055469 |
| 81 | DDNO 24 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR26CX1282 | SCOOTY ACTIVA | WHITE | JF50E73192599 | ME4JF505FG 7193259 |
| 82 | DDNO 24 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12Q1196 | SCOOTY ACTIVA | GRAY | JC44E0813522 | ME41C446GA 8369563 |
| 83 | DDNO 31 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12H3483 | M/C TVS STAR | CHERY | NILL | 87654 |
| 84 | DDNO 31 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | DL3SB1738 | M/C HH SPLENDER | BLACK | HA10EA99L158 51 | MBLHA10EJ9 91_099 |
| 85 | DDNO 31 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR01W7543 | M/C BAJAJ PLETINA | CHERY | DUUBFH62S99 | MD2DDDZZZ PPH3704S |
| 86 | DONO 31 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HRIIE964G | M/C HERO HF DELUXE | BLACK/RED | HAIIEFD9G335 32 | MBLHAI1EW D9G27482 |
| 87 | DDNO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | SCOOTY ACTIVA | GRAY | JC44E5610633 | NILL |
| 88. | DDN'O 32 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12J5681 | M/C HH SPL | BLACK | 07C15E37919 | 07C16F42956 |
| 89 | DONO 32 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR10E3949 | M/C HH DOWN | BLACK | 02F2SEOS020 | 2E26F04895 |
| 90 | DDNO 18 DT 29- 11-2023 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR80A8513 | M/C DSUPER SPI | BLACK | JA05ECE9L0341 6 | MBUA05EME 9104051 |
| 91 | DONO 20 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR15A7607 | M/C TVS CITY | BLACK/RED | AF1HA1302873 | MD625NF16 A1H69553 |
| 92 | DDNO 32 DT 12- 05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | Nill | M/CH SPIENDER | BLACK | HA10EA89K233 50 | MBLHAIOEE8 9K15759 |
| 93 | DDNO 21 DT 10-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR13J3789 | M/C BAJAJ DISCOVER | BLACK | PAZREG45050 | M02A57BZOE RG50330 |
| 94 | DONO 27 DT 30-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR77D4610 | M/C HH HF DELUXE | BLACK | HA11ERM9E185 74 | MBIHAC043 N9E60439 |
| 95 | DDNO 21 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR13E2530 | SCOOTY ACflVA | BLACK | JC44E0632522 I | ME4JC446DA 8196942 |
| 96 | DDNO 07 DT 08-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | DL11SB7051 | M/C HH SPL PRO | BLACK | HA10ELC9F0359 0 | MBLHA10AS C9F03366 |
| 97 | DDNO 18 DT 29-11-2023 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR13E0258 | M/C HH CD DELUXE | BLACK | HA11EEB99M02 817 | MB2A11EK99 M04312 |
| 98 | DDNO 26 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C HH PASSION | RED | 03A21M0274 | 03A21C0718 9 |
| 99 | DDNO 27 DT 31-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C BAJAJ PLETINA | BLACK | 75265 | MD2A18AZ2 EPA25149 |
| 100 | DDNO 32 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/C BAJAJ PLETINA | BLACK | HA10FJE9M041 32 | MBLHA10AM E9M03405 |
| 101 | DDNO 32 DT 12-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | M/CH SPLENDER | BLACK | HA10FJC9G0729 9 | MBLHA10AM C9G07101 |
| 102 | DDNO 20 OT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | HR12Y3463 | M/C BAJAJ PLETINA | BLACK | DZZPEF69931 | MD2A18AZ8 EPF33657 |
| 103 | DOND 22 DT 11-05-2024 | 47GHP ACT | Shivaji Colony | NILL | SCDOTY ACTIVA | GRAY | JF50E82101922 | NILL |

पीआरडीएच-1084/11/2538/2025/27972/88/7 दि. 19.07.24

# बजट 2024 : सस्ती ईवी से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक... मिलेंगी कई रियायतें!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

23 जुलाई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। इससे पहले जब उन्होंने इसी साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था, तो उसमें टैक्स में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया था, लेकिन अब पूर्णकालिक बजट होने के चलते उम्मीद की जा रही है कि मध्यम वर्ग को टैक्स में कुछ बड़ी छूट मिल सकती है। इसके अलावा ईवी खरीदने की सोच रहे लोगों पहले से सस्ती की कीमत में ईवी मिल सकती है।

नए टैक्स रिजीम को व्यक्तिगत टैक्सपेयर्स के लिए अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से, सरकार स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 100,000 रुपए करने जैसे उपायों पर विचार कर सकती है। इस व्यवस्था में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम (धारा 80डी के तहत) को शामिल करना और पर्याप्त स्वास्थ्य बीमा कवर को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध कटौती सीमा को बढ़ाना शामिल है।

## मध्यम वर्ग को टैक्स में कुछ बड़ी छूट मिल सकती

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुधार की उम्मीद

केपीएमजी इंडिया में ग्लोबल मोबिलिटी सर्विसेज, टैक्स की पार्टनर और हेड परिजाद सिरवाला कहती हैं, "आंकड़ों के मुताबिक भारत की 10 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी 60 साल या उससे ज़्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों की है। साथ ही, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ सरकार के आने वाले बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए और सुधार की उम्मीद की जा रही है।"



### एनपीएस को लेकर भी हो सकता है बड़ा फैसला

इतना ही नहीं, 80सीसीडी(2) के तहत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में नियोक्ता के योगदान के लिए कटौती सीमा को अगर मूल वेतन के 10% से बढ़ाकर 14% किया जाता है, तो यह भी मध्यम वर्ग के लिए एक खुशखबरी होगी।। इस कटौती को बढ़ाने से केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू प्रावधान के साथ समानता सुनिश्चित होगी और नई कर व्यवस्था के तहत बढ़ी हुई कर बचत के लिए एक विकल्प प्रदान करेगा, साथ ही दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति बचत को बढ़ावा देगा।

### मेट्रो सिटी के लोगों को फायदा

वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जाने वाले वित्तीय बजट में एक बड़ी राहत बैंगलोर के लोगों को भी मिल सकती है, क्योंकि बेंगलुरु से लेकर एनसीआर, हैदराबाद और पुणे को मेट्रो सिटी का दर्जा दिया जा सकता है। बता दें कि मेट्रो सिटी में एचआरए की छूट मूल वेतन से 50 प्रतिशत तक होती है, जबकि अन्य शहरों में 40 प्रतिशत तक होती है। ऐसे में अगर इन शहरों को मेट्रो सिटीज के कैटेगरी में शामिल किया जाएगा, तो लोगों को एक बड़ी राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### 100 मेगावाट हाइब्रिड परियोजना मिली



**नई दिल्ली।** केपी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी को एथर इंडस्ट्रीज से 100 मेगावाट की हाइब्रिड ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आदेश की शर्तों के अनुसार परियोजनाओं को वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न किस्तों में पूरा किया जाना है।

### एचडीएफसी बैंकः सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपए के पार




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ रुपये का सीएसआर खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में लगभग 125 करोड़ रुपए अधिक है। 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 666.85 अरब डॉलर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित की दो किस्में

# देश भर में टमाटर 90 पार, 'संकर' करेगा बेड़ा पार, 21 दिन तक नहीं होगा खराब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*देशभर में टमाटर की कीमतें 90 रुपए के पार पहुंच गई हैं और अब ये सेंचुरी मारने को तैयार हैं। सरकार को भरोसा है कि आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से आने वाली हाइब्रिड टमाटरों की खेप से टमाटर के आसमान चढ़ते भाव में गिरावट आ सकती है। इसी दौरान खबर यह भी आ रही है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से विकसित टमाटर की दो संकर किस्में देश में टमाटर की तेज भागती कीमतों पर लगा सकती हैं।*

आईसीएआर की ओर से विकसित टमाटर की ये दो संकर किस्में निकट भविष्य में टमाटर संकट को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीएआर के तहत बेंगलुरु स्थित एक संस्थान की ओर से विकसित टमाटर की दो संकर किस्में भविष्य में टमाटर के संकट से बचा सकती हैं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि टमाटर के इस संकर किस्म को बड़े पैमाने पर अपनाने के साथ इसकी खेती के रकबे को बढ़ाना होगा। टमाटर की इस संकर किस्म को भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान की ओर से विकसित किया गया है।

### 21 दिनों तक खराब नहीं संकर टमाटर

दावा यह किया जा रहा है कि संकर टमाटर की किस्में अर्का रक्षक और अर्का अभेद की सेल्फ लाइन तीन हफ्ते हैं और यह 21 दिनों तक खराब नहीं होता। इसकी खासियत यह है कि मानसून की भारी बारिश में सप्लाई चेन बाधित होने के बाद भी इसे कई दिनों तक स्टोर करके रखा जा सकता है। आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने का कहना है कि हमने टमाटर की एक ऐसी किस्म विकसित की है, जिसकी सेल्फ लाइफ (खराब नहीं होने का समय) तीन हफ्ते है। हमें इन किस्मों के तहत रकबे को बढ़ाने की जरूरत है।

- हाइब्रिड तकनीक का लाइसेंस 11 कंपनियों को दिया गया
- पहला ट्रिपल रोग प्रतिरोधी टमाटर एफ-1 हाइब्रिड अर्का रक्षक की खेती



### सात हजार हेक्टेयर में किया परीक्षण

आईआईएचआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक चंद्रशेखर सी के अनुसार, साल 2012 में विकसित भारत का पहला ट्रिपल रोग प्रतिरोधी टमाटर एफ-1 हाइब्रिड अर्का रक्षक फिलहाल 7,000 हेक्टेयर में उगाया जाता है। इस हाइब्रिड तकनीक का लाइसेंस 11 कंपनियों को दिया गया है। इनके बारे में अनुमान है कि साल 2012-22 के दौरान बीज की बिक्री से इनका कारोबार 3,600 करोड़ रुपए रहा है. तीन साल पहले जारी अर्का अभेद्य तीन हफ्ते की लंबी सेल्फ लाइफ देता है और दूरदराज के बाजारों के अनुकूल है। टमाटर की ये दोनों किस्में लीफ कर्ल वायरस, बैक्टीरियल विल्ट और अर्ली ब्लाइट सहित कई बीमारियों के लिए प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करती हैं।

### खाद्य निर्यात तीन प्रतिशत घटाः एपीडा

लाल सागर संकट, माल दुलाई में वृद्धि और कंटेनरों की कमी जैसे मुद्दों के कारण इस वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान देश के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 5.88 अरब डॉलर रहा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। अमेरिका ने एक अगस्त से चीन से आयात पर उच्च शुल्क लगाया। इसके कारण, अमेरिका में आयातकों द्वारा उस समय सीमा से पहले और चीन से अधिक आयात करने का प्रयास किया गया है। इससे दोनों देशों के बीच अधिक माल यातायात हुआ है जिससे कंटेनरों की कमी हुई है। पहली तिमाही के दौरान चावल, कुछ अनाज, काजू और तिलहन के निर्यात में गिरावट आई है।

### बाजार में तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक फिसला

मुंबई (भाषा)। माइक्रोसॉफ्ट के तकनीकी व्यवधान की वजह से वैश्विक बाजारों में बिकवाली के रुझान और घरेलू स्तर पर चार दिनों की रिकॉर्ड तेजी के बाद मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 81,000 अंक से नीचे 80,604.65 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के अपने नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था, लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम में व्यवधान की वजह से वैश्विक स्तर पर बिकवाली का जोर रहने से घरेलू बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इस तकनीकी व्यवधान ने कई भारतीय उद्योगों में कामकाज को भी प्रभावित किया है। अगले हफ्ते बजट आने के पहले बाजार में मुनाफावसूली का जोर रहा।" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील का शेयर भी लगभग पांच प्रतिशत टूट गया।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



संगीता करणी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **संगीता करणी** पत्नी **सिभू करणी पताः**बी–89 ग्राउंड फ्लोर मालवीय नगर, **दिल्ली** जो टैक्सी स्टैंड मालवीय नगर मार्केट से दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 03:30 बजे से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No. 98A, थानाः मालवीय नगर, नई दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से हैः

**उम्रः** 40 साल, **कदः** 5'0'', **रंगः** गेहुँआ, **शरीरः** समान्य, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** काले रंग का सूट सलवार और पैरो काले रंग की चप्पल पहने हुए है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/8334/SD/2024**

**थानाध्यक्ष**
**थानाः मालवीय नगर, दिल्ली**
**फोनः 8750870822, 7065569292**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **फिरोज आलम, पुत्र** अली हुसैन, **पताः** बी–25 ऋषि विहार अमर कॉलोनी, कमरुद्दीन नगर,, **दिल्ली FIR No. 137/2019, U/s. 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज आलम**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज आलम**, फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज आलम**, केस **FIR No. 137/2019, U/s. 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.08.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री. पी. –भार्गव राव**
**महानगर दण्डाधिकारी–03**
**कमरा नंबर 292, द्वितीय तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9310/OD/2024**
**(Court Matter)**

### सोना 750 रुपये टूटा, चांदी की चमक घटी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 750 रुपए की गिरावट के साथ 75,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसके साथ सोने में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लग गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 76,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपए घटकर 75,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। बृहस्पतिवार को यह 76,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपए टूटकर 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

### हांगकांग, जापान और द.कोरिया में विदेशी केंद्र खोलने की योजना

**कोलकाता।** देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था 'भारतीय कंपनी सचिव संस्थान' के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

### रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर तीन पैसे टूटकर 83.66 प्रति डॉलर


**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया शुक्रवार को तीन पैसे टूटकर 83.66 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख से रुपए में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू बाजार और तेल की ऊंची कीमतों ने रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा में तेज गिरावट पर रोक लगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.64 प्रति डॉलर पर खुला।

### माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में समस्या से एनएसई बीएसई प्रभावित नहीं

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख शेयर बाजारों- एनएसई और बीएसई पर माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में आए वैश्विक व्यधान का प्रभाव नहीं हुआ है। प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी की सेवाओं में आए व्यवधान से दुनिया भर में कई एयरलाइंस, बैंक, मीडिया संस्थान के कामकाज पर असर पड़ा है।भारत समेत दुनियाभर में माइक्रोसॉफ्ट के उपयोगकर्ताओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इंटरनेट व्यवधान पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर विभिन्न सेवाओं से जुड़े दुनियाभर के उपयोगकर्ताओं ने इस संबंध में सूचना दी है। इस बीच, दो प्रमुख भारतीय शेयर बाजारों ने माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में रूकावट से उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने की घोषणा की है।

### फीवोग्रिट है बुखार के लिए उत्तम औषधि

**हरिद्वार।** एलोपैथिक के दुष्प्रभाव पूर्ण ज्वर चिकित्सा के स्थान पर दुष्प्रभावों से रहित आयुर्वेदिक औषधि 'फीवोग्रिट' अब आप के बुखार में लाभ प्रदान करेगी। यह रिसर्च प्रकाशित हुआ है- अमेरिका स्थित विश्व प्रसिद्ध अनुसन्धान प्रकाशन विले के रिसर्च जर्नल- 'एनिमल मॉडल्स एंड एक्सपेरिमेंटल मेडिसिन' में। जब शरीर में किसी प्रकार के इन्फेक्शन और इन्फ्लेमैशन होती है, तब इम्यून सेल्स अनेक प्रकार के इंफ्लेमेटरी साइटोकाइन्स रिलीज़ करते हैं जिसके कारण से बुखार होता है। उन कारणों को बिना किसी दुष्प्रभाव के यह "फीवोग्रिट" औषधि ठीक करने में सक्षम है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि शक्ति है आयुर्वेद की, हम तो निमित्त मात्र हैं। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह भारतीय संस्कृति और संस्कृत के लिए गौरव की बात है कि इस इंटरनेशनल जर्नल में भारतीय औषधीय पौधों के नाम आयुर्वेद की मूलभाषा संस्कृत और देवनागरी लिपि में सम्मिलित किए गए हैं।



जर्नल एनिमल मॉडल्स एंड एक्सपेरिमेंटल मेडिसिन में पतंजलि का अनुसन्धान प्रकाशित

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
7 घंटो में घर बैठे
गारन्टीड समाधान



9058237593
मनचाहा वशीकरण लवमैरिज, किया कराया, सौतन व दुश्मन छुटकारा नौकरी, कर्ज कारोबार, शादी में रुकावट, सास व बहू में झगड़ा गृहक्लेश, विदेश यात्रा, पति–पत्नी अनबन, बिमारी में दवा का न लगना
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे नगद ईनाम
स्पे. वशीकरण, मुठकरनी
9058237593

**ज्योतिष**

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती



स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बवानी खेड़ा निर्वाचन क्षेत्र, जिला भिवानी में गांव सुई से बिरान और भिवानी–जीन्द रोड टिगराना से टिगराना सीम तक 2 अदद सम्पर्क सड़क का निर्माण (ID_11444 और 11442) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.07.2024 | 8.71 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 eebhiwani2024.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/27980/I/88/7 दि. 19.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी कैथल | पट्टी चौधरी में विस्तार नई अनाज मण्डी, कैथल में सीपीएफ-6 पर कवर्ड शैड (फाउंडेशन के ऊपर) का निर्माण + 1 कार्य। | 18.07.2024 02.08.2024 | 2.19 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xenkaithal3.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/28004/I/88/7 दि. 19.07.24

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5577




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5576 का हल





# ओलंपिक : चौथे स्थान ने मिल्खा सिंह-पीटी उषा जैसे भारतीय दिग्गजों को किया निराश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह टोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।


### रोम 1960

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। इस हार के बाद 'फ्लाइंग सिख' ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।




### लॉस एंजिलिस 1984

लास एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं।



### लंदन 2012



निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।

### रियो 2016

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। अभिनव बिंद्रा का शानदार कॅरियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गये। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। रोहन बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी हादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।



### मेलबर्न 1956

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को



4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।



### मास्को 1980

भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।



### एथेंस 2004

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवतः सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे।

### टोक्यो 2020



मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैंपियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गई। अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गई। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।

## खबर संक्षेप



### भारत की जीत के साथ शुरुवात

**ह्यूस्टन।** भारत ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ शुरुवात की जब लड़के और लड़कियों की टीम ने अपने अपने मुकाबले अच्छे अंतर से जीते। लड़कों ने कुवैत को ग्रुप एफ के मुकाबले में 3-0 से हराया जबकि राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह की अगुवाई में लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपै को इसी अंतर से मात दी। अब लड़कों का सामना शुक्रवार को ब्राजील से होगा जबकि लड़कियों की टीम को ब्राजील और आस्ट्रेलिया से खेलना है।

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व



एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं।

### सही घोड़े के बिना, आप कुछ भी नहीं : अनुष

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। चौबीस साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं।

### हितेश 'लोन' पर मुंबई सिटी एफसी से जुड़े

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने आगामी 2024-25 इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र के लिए शुक्रवार को ओडिशा एफसी के मिडफील्डर हितेश शर्मा को 'लोन' पर अपनी टीम में शामिल किया। जालंधर में जन्में हितेश ने अपना सीनियर करियर आई लीग में मुंबई एफसी के साथ शुरू किया था जिसके बाद एटलेटिको डि कोलकाता, हैदराबाद एफसी और ओडिशा एफसी के लिए खेले।

# भारतीय महिला टीम का जीत से आगाज पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

## टी-20 एशिया कपः मंधाना-शेफाली ने 85 रन की साझेदारी करके दिलाई जीत

भाषा ▶▶ दाम्बुला



गत चैम्पियन भारत ने गेंदबाजों के बाद शीर्ष क्रम बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तानी टीम को सात विकेट से हराया। अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण की बदौलत पाकिस्तान को 19.2 ओवर में महज 108 रन पर समेटने के बाद भारत ने तीन विकेट पर 109 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारतीय गेंदबाजों में पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह ने पाकिस्तान को शुरूआती झटके देते हुए दो दो विकेट लिये। दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। श्रेयंका पाटिल को भी दो विकेट मिले। फिर भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (40 रन) और स्मृति मंधाना (45 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 57 गेंद में 85 रन की साझेदारी से यह लक्ष्य महज 14.1 ओवर में हासिल कर लिया। शेफाली (29 गेंद, छह चौके, एक छक्का) ने पहले ही ओवर में सादिया इकबाल पर स्क्वायर लेग में शानदार चौका जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये और फिर इसी गेंदबाज के दूसरे ओवर में मिडविकेट और एक्स्ट्रा कवर पर दो चौके और जड़े। मंधाना शुरू में सतर्क होकर खेली, उन्होंने दूसरे ओवर में फातिमा सना पर मिडविकेट पर अपनी पारी का पहला चौका जड़ा। इसके बाद आक्रामकता दिखाते हुए उन्होंने 31 गेंद में नौ बार गेंद सीमारेखा के पार करायी। दोनों अच्छी लय में थीं और दनादन शॉट्स लगाकर अर्धशतक की ओर बढ़ रही थीं। लेकिन दोनों ही चूक गयीं। इस दौरान शेफाली ने छठे ओवर में पारी का पहला छक्का तुबा हसन की गेंद को स्क्वायर लेग में स्वीप करते हुए जड़ा। विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहीं मंधाना ने आठवें ओवर में तुबा हसन की गेंदों को धुनते हुए पांच चौके जड़कर इस ओवर से टीम के स्कोर में 21 रन जोड़े। पर सईदा अरूब शाह की गेंद पर शार्ट मिडविकेट पर आलिया रियाज को कैच देकर पवेलियन लौट गईं। उनकी जगह क्रीज पर उतरीं दयालन हेमलता ने आते ही 11वें ओवर में नशरा संधू पर लगातार तीन चौके जड़ दिये। पहले विकेट की साझेदारी टूटते ही शेफाली की लय भी बिगड़ गई और वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर सकीं। 12वें ओवर में सईदा अरूब शाह ने उन्हें बोल्ड किया, तब स्कोर दो विकेट पर 100 रन था। हेमलता भी 14 रन बनाकर नशरा संधू की गेंद का शिकार हुई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाली पाकिस्तानी महिला टीम के केवल चार खिलाड़ी ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकी।

### नेपाल का जीत से आगाज, यूएई को 6 विकेट से रौंदा

**दांबुला।** सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को यहां महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा नेपाल की सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 19 देकर तीन विकेट लिए। नेपाल को भी कुछ मुश्किल पलों से गुजरना पड़ा।

## नडाल ने नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर में बनाई जगह

**कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराया**

एजेंसी ▶▶ बस्ताड



रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी।

उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं।वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विम्बलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## अबकी बार 25 पार, भारत का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने शुक्रवार को कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत को न सिर्फ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का यकीन है बल्कि पूरी उम्मीद है कि पदक संख्या 25 पार जाएगी। भारतीय पैरालंपिक दल ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए पांच स्वर्ण पदक समेत 19 पदक जीते थे। झाझड़िया ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए भारत की तैयारियों को लेकर एक परिचर्चा में कहा, 'मुझे लगता है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ होगा। हमारा स्लोगन है अबकी बार 25 पार। मैं खिलाड़ियों के संपर्क में हूं और तैयारियां बहुत अच्छी चल रही है।' तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता झाझड़िया ने 2004 एथेंस ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में एफ 46 भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि टोक्यो में उन्होंने रजत पदक जीता।

### ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी खिलाड़ी सुखजीत सिंह का दाहिना पैर पीठ की चोट के कारण अस्थायी रूप से लकवाग्रस्त हो गया था लेकिन पंजाब का यह खिलाड़ी छह साल पहले की निराशा को पीछे छोड़कर 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में टीम के लिए दमदार प्रदर्शन करने को लेकर प्रतिबद्ध है। इस 28 साल के खिलाड़ी का यह पहला ओलंपिक है। भारत के लिए 2022 में पदार्पण करने वाले अग्रिम पंक्ति के इस खिलाड़ी ने कहा, 'ओलंपिक में खेलना हमेशा से मेरे और मेरे परिवार के लिए एक सपना रहा है। यह किसी भी खिलाड़ी के करियर का शिखर है और मैं इस अवसर को पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'

## यूटीटीः गोवा चैलेंजर्स के सामने जयपुर पैट्रियट्स की होगी चुनौती

**चेन्नई।** गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स 22 अगस्त से सात सितंबर तक यहां होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस के शुरुआती मैच में नयी टीम जयपुर पैट्रियट्स का सामना करेगा। इस फ्रेंचाइजी-आधारित लीग में दो नई टीमें जुड़ी हैं। आठ टीमों के इस लीग के सभी 23 मैच के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसमें 16 अंतरराष्ट्रीय सहित कुल 48 खिलाड़ी भाग लेंगे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज बर्नाडेट स्जोक्स, विश्व नंबर 16 नीना मित्तेल्हम, और नाइजीरिया के दिग्गज और वर्तमान विश्व नंबर 19 कादरी अरुणा भाग लेने वाले शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों में शामिल हैं। भारत के अचंता शरथ कमल (विश्व रैंकिंग 40), श्रीजा अकुला (विश्व रैंकिंग 25), और मनिका बत्रा (विश्व रैंकिंग 28) भी अपनी-अपनी टीमों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।


## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(www.hssc.gov.in)

### सार्वजनिक सूचना

**पुलिस विभाग, हरियाणा के विज्ञा. सं. 06/2024, श्रेणी सं. 01 के तहत पुरुष कांस्टेबल (जीडी) के पद हेतु पीएमटी की शॉर्टलिस्टिंग के लिए उम्मीदवारों द्वारा उठाई गई शिकायतों के सम्बन्ध में।**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि अन्तिम तिथि अर्थात 17.07.2024 तक उम्मीदवारों द्वारा उठाई गई शिकायतों की समीक्षा आयोग द्वारा कर ली गई और अधिकतर शिकायतों के जवाब उम्मीदवारों को भेज दिए गए हैं। यद्यपि, डीडीईएसएम और डीईएसएम उम्मीदवारों की नवीनीकरण तिथि से सम्बन्धित दो मुद्दे और सूचना दिनांक 15.07.2024 में उम्मीदवारों की गलत श्रेणी वर्णित करना आयोग के संज्ञान में आ चुका है। आयोग ने उपरोक्त मुद्दों से सम्बन्धित निम्नलिखित निर्णय लेने का फैसला किया है :

1. डीडीईएसएम और डीईएसएम उम्मीदवारों, जिनके दस्तावेज जारी करने की तिथि कट-ऑफ तिथि अर्थात 01.02.2023 से पूर्व है परन्तु उनकी नवीनीकरण की तिथि कट-ऑफ तिथि के अनुरूप वैध है, पर विचारणीय होंगे और यदि ऐसे उम्मीदवार पात्र पाए जाते हैं, उनको शीघ्र जारी की जाने वाली उम्मीदवारों की बकाया सूची में उनके अंकों के अनुरूप शॉर्टलिस्टेड किया जाएगा।
2. इसके अतिरिक्त, कुछ उम्मीदवारों की श्रेणी, जो सार्वजनिक सूचना दिनांक 15.07.2024 में अनजाने में गलत वर्णित की गई थी, तथापि ओवरऑल शॉर्टलिस्टेड सूची पर कोई प्रभाव, चाहे जो भी हो, नहीं पड़ता है, संशोधित कर दी गई है और आयोग की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर प्रकाशित की गई है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 18 जुलाई 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/647/2025/27975/88/7 दि. 19.07.24 — पंचकूला



## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि दिनांकः 17.06.2024, को 19:00:36 बजे, आरजेडएच-32, 25 फुटा रोड निहाल विहार, दिल्ली, के क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **डीडी नं0: 86ए, दिनांक 17.06.2024, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली,** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे मृत पुरूष की पहचान दी गई है :

**लिंगः** पुरूष, **उम्रः** लगभग 45-50 वर्ष, **कदः 5'6''**, **रंगः** सांवला, **चोट का निशानः** चेहरे पर रगड़, **पहनावाः** काले रंग की टी-शर्ट व पैंट पहने हुए और नंगें पैर है।

अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

**थाना अध्यक्ष**
**पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली**
**DP/9443/OD/2024** — **फोनः 7428045698, 9812395123**



## गुमशुदा व्यक्ति की तलाश



सोनू शर्मा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम सोनू शर्मा **S/o** जय प्रकाश शर्मा **R/o** सी-28, हर्ष देव पार्क, बुद्ध विहार, फेज-2, रोहिणी, दिल्ली **उम्र** 33 साल जो कि 14.07.2024 को करीब दोपहर 3 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.43A दिनांक 17.07.2024** थाना बुद्ध विहार, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:

**रंगः** सांवला, **कदः** 5'7", **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** मोटा, **पहचानः** मानसिक रूप से सामान्य है, जिसने लाल रंग की टी-शर्ट, काले रंग की पैंट और चप्पल पहनी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष बुद्ध विहार, दिल्ली को ई-मेलः cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/-
फोन नं.: 011-24368638, 24368641 — थानाध्यक्षः बुद्ध विहार, दिल्ली
फैक्स नं.: 011-24368639 — फोनः 011-27052772-73
दि.पु./9362/रोहिणी जिला/2024 — मो.: 8750870326



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

E-Procurement Tender Notice

J.P./N.P.N./158/90 — Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in — Bhilai/Dated : 15/07/2024

Online tender are invited on behalf of the Municipal Corporation, Bhilai for the following work in Form "B" for Contract from the contractors registered in unified registration (Single window) in force on GoCe-Procurement System portal (https://eproc.cgstate.gov.in)

| Sr. No. | Tender No. | Name of work | Probable amount of contract (in lacs) | Earnest Money (in lacs) | Completion Period | निविदा जारी दिनांक | निविदा डाऊनलोड की अंतिम दिनांक | Call | Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 156073 | निगम के जलकार्य विभाग हेतु कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने का कार्य | 152.25Lacs | 115000.00 | 12 month | 13/07/2024 | 03/08/2024 | First Call | Form B |

NOTE :- 1. For other details visit GoC e-Procurement System portal website https://eproc.cgstate.gov.in
2. Corrigendum Amendment if any, will be displayed on above website https://eproc.cgstate.gov.in/ only and it shall be part of tender document 3. For more details please download NIT details.

घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें। अपील-समस्त शहर वासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी/कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजें। प्लास्टिक का उपयोग छोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ो।

Executive Engineer
Municipal Corporation, Bhilai, Chhattisgarh



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण सूचना

कांवड़ मेला-2024 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए मेला विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने के संबंध में दिनांक 14.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है और निम्न उल्लेखित रेलगाड़ियां इनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों से संचालित की जायेंगी :-

### मेला विशेष रेलगाड़ियां

**रेलगाड़ी संख्या 04324/04323 हरिद्वार-दिल्ली-हरिद्वार मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04324 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04323 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 15:45 | हरिद्वार | 04:25 | – |
| 20:50 | – | दिल्ली | – | 22:00 |

चलने की तिथिः 04324 हरिद्वार से और 04323 दिल्ली से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहरावः ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी और गाजियाबाद स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 04330/04329 योग नगर ऋषिकेश-दिल्ली-योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | – |
| 04:15 | – | दिल्ली | – | 04:45 |

चलने की तिथिः 04330 योग नगरी ऋषिकेश से और 04329 दिल्ली से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, शामली और दिल्ली शाहदरा स्टेशन।

* अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

2210/24
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# देश में बनेंगे हवाई जहाज, वायुयान विधेयक समेत आधा दर्जन बिल संसद में होंगे पेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार की ओर से छह विधेयक सदन पटल पर रखे जाने की तैयारी है। उनमें भारतीय वायुयान विधेयक 2024 सबसे महत्वपूर्ण है। मोदी सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' योजना को को नई शक्ति देने में वायुयान विधेयक मील का पत्थर साबित होगा। अभी ज्यादातर जेट हवाईजहाज एयरबस कंपनी से खरीदे जाते हैं।

मोदी सरकार की कोशिश है कि अब भारत में ही ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किए जाएं छोटे, बडे हवाई जहाज देश में ही बनें। एयरक्राफ्ट एक्ट -1934 बेहद पुराना हो जाने की वजह से आज के समय उसकी प्रासंगिकता लगातार कमतर हो गई इसीलिए केंद्र सरकार ने नए सिरे से इस एक्ट को री-डिजाइन किया है ताकि देश को वायुयान निर्माण में आत्मनिर्भर बनाया जा सके और इंटरनेशनल कंवेंशन को संसद से बदलते भारत की तस्वीर से रूबरू कराया जाए। सूत्रों ने बताया कि विधेयक में एयरक्राफ्ट और इंजन पार्टस पर समान रूप से महज 5 फीसदी जीएसटी का प्रावधान स्पष्ट किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा इस क्षेत्र के 'मार्केट प्लेयर्स' देश को स्वावलंबी बनाने में आगे आएं। सोमवार से शुरू हो रहे संसदीय सत्र में वित्त विधेयक 2024, डिजास्टर मैनेजमेंट संशोधन विधेयक लाया जाएगा। किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में ग्राउंड जीरो पर कौन सी एजेंसी क्या काम करेंगी, संशोधन विधेयक में इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। जिससे आपदा के समय सभी संबंधित एजेंसियां अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए समयबद्ध तरीके से राहत कार्यों को अंजाम दे सकें। सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि संसदीय सत्र चूंकि केवल 16 दिन के कामकाजी दिन तक सीमित है इसीलिए गैर-वित्तीय विधायी कार्यों को कम फेहरिस्त में जगह दी गई है। इस दरम्यान केंद्र सरकार का मुख्य आम बजट पेश करना रहेगा। लगातार तीसरी बार मोदी सरकार केंद्र में काबिज होने के बाद आम बजट को ऐतिहासिक माना जा रहा है। कुछ लोकलुभावन घोषणाएं इस बार हो सकती हैं। खासकर मध्यम वर्गीय और वेतन भोगियों के लिए कुछ राहत आम बजट में शुमार हो सकता है।

इसके साथ ही इंडियन कॉफी इंडस्ट्रीज को नए सिरे बूस्ट देने के लिए 'द कॉफी प्रोमोशन एंड डेवलपमेंट बिल' भी इसी सत्र में प्रस्तावित है। इसी तर्ज पर 'रबर प्रोमोशन एंड डेवलपमेंट बिल' सदन पटल पर रखा जाएगा। 23 जुलाई को सुबह 11 बजे लोकसभा में आम बजट केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी। फिर लोकसभा और राज्यसभा में बजट पर बहस होगी। इसी दौरान केंद्र शासित राज्य जम्मू कश्मीर के लिए अलग से डिमांड फॉर ग्रांट और एप्रोप्रियेशन बिल भी पेश किए जाएंगे ताकि बजटीय प्रावधानों में जम्मू कश्मीर का बजट भी शामिल किया जा सके।

# कांवड़ यात्रा के मार्ग पर उप्र में रेहड़ी, पटरी वालों को अपने नाम का पोस्टर लगाना होगा, प्रियंका गांधी ने कहा आदेश संविधान के खिलाफ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालय मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के पुलिस आदेश की कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कड़ी आलोचना की और कहा कि यह संविधान के खिलाफ है। उनका मानना है कि इससे समाज में आपसी कटुता बढ़ेगी। एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने पोस्ट किया, जाति और धर्म के आधार पर समाज में विभाजन पैदा करना संविधान के खिलाफ अपराध है।

इस आदेश को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और इसे जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में ठेले, खोमचे और दुकानों के मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का विभाजनकारी आदेश एक हमला है।

उल्लेखनीय है कि उप्र पुलिस ने आदेश दिया था कि धार्मिक जुलूस के दौरान भ्रम से बचने के लिए सभी खाद्य दुकानें अपने मालिक का नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करें। राजनीतिक दलों का मानना है कि ये रेहड़ी पटरी पर समान बेचने वाले मुसलमानों को अलग-थलग करने की प्रशासन की कुत्सित योजना है। कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हमारे अधिकार क्षेत्र में, जो लगभग 240 किमी है, सभी भोजनालयों, होटलों, ढाबों और ठेलों (सड़क किनारे लगने वाली गाड़ियां) को अपने मालिकों या दुकान चलाने वालों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि कांवड़ियों के बीच कोई भ्रम न हो और भविष्य में कोई आरोप न लगे, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हो।

मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा, हर कोई अपनी मर्जी से इसका पालन कर रहा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया कि यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कोई भी 'कांवड़िया' मुस्लिम मालिक की दुकान से कुछ भी न खरीदे। ऐसा तुगलकी पुलिसिया फरमान जारी किया गया है। जिसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। विपक्ष ने इस कदम को दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और हिटलर के जर्मनी की नीतियों से जोड़ा। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने बयान में स्पष्ट किया कि आदेश का इरादा किसी भी प्रकार का धार्मिक भेदभाव पैदा करना नहीं था, बल्कि केवल भक्तों को सुविधा देना था। भगवान शिव के भक्तों की वार्षिक तीर्थयात्रा, कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू होगी।

## पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने किया बड़ा खुलासा

# पाकिस्तान के पंजाब-खैबर पखतून के पठान हैं जम्मू कश्मीर में दहशत फैलाने वाले आतंकी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

*जम्मू संभाग में दहशत फैलाने वाले आतंकी पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पखतून इलाके के रहने वाले हैं। यह पठान हैं। इन्हें पहाड़, जंगल और नदियों तक में लड़ने का अनुभव है।*

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने आंतकी गतिविधियों पर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि आतंकियों के पास सैन्य प्रशिक्षण, टोही क्षमता, गुरिल्ला युद्ध रणनीति का अनुभव है। अत्याधुनिक हथियार हैं। वे हमलों के वीडियो बना रहे हैं। इन हमलों के तौर तरीकों से पता चलता है कि यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत एवं खैबर पखतून के पठान लड़ाके हैं। इन पर जल्द काबू पाने की जरूरत है। सूत्रों का कहना है कि राजोरी-पुंछ, कठुआ, डोडा और रियासी में 40 से 50 आतंकी सक्रिय हैं। यह आतंकी तीन से चार ग्रुप में बंटे हुए हैं। इन्होंने करीब छह महीने आईबी से घुसपैठ की थी। इन्हें अफगानिस्तान में तालीबानी आतंकियों के साथ लड़ने का अनुभव है।



### हर हमले के बाद वीडियो और पोस्ट

आतंकियों ने हर हमला करने के बाद बॉडी कैमरों का उपयोग कर हमलों के परिष्कृत वीडियो बनाए हैं। जब हमला कर लेते हैं, तो इन्हें आगे भेज देते हैं। यह टीमें अंग्रेजी में अनुवाद कर पोस्ट डालती हैं। वे कभी-कभी राबर्ट फ्रॉस्ट जैसे प्रसिद्ध लेखकों और कवियों को भी कोट करते हैं।



### पीएएफएफ, कश्मीर टाइगर जैश का ही हिस्सा

पुंछ के भाटादूड़ियां, राजोरी के कंडी, राजोरी के ढांगरी, रियासी में हमला करने की जिम्मेदारी आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी-फासीस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने ली थी, जबकि कठुआ और डोडा हमलों की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर ने ली। सूत्रों के अनुसार ये दोनों संगठन पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के ही हैं।

## मारे गए आतंकवादियों से मिला हथियारों का जखीरा

### आधुनिक हथियारों से लैस आतंकी

**जम्मू।** आतंकियों के मारे जाने के बाद इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान उनके पास से हथियार और अन्य गोला बारूद बरामद हुआ है। इसमें ध्यान देने योग्य है कि आतंकियों के पास से ऑस्ट्रिया निर्मित एयूजी राइफल भी बरामद हुई है, जिसके साथ दूरबीन भी लगी रहती है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी राइफल का इस्तेमाल स्नाइपर की तरफ से भी किया जाता है। इससे पहले भी डोडा और कठुआ में मारे गए आतंकियों के पास से आधुनिक राइफल मिल चुकी है। यहां आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 कार्बाइन बरामद की गई। इतना ही नहीं इनके पास बरामद राइफल पर टेलीस्कोपिक नाइट विजन डिवाइस भी लगा हुआ था। कठुआ में आतंकी ने रात के अंधेरे में डीआईजी और एसएसपी के उसकी ओर बढ़ रहे काफिले को भी निशाना बनाया था। निशाना इतना स्टीक था कि उसने दोनों अधिकारियों की गाड़ी में चालक को ही निशाना बनाकर गोलियां साधीं। बुलेट प्रूफ इन वाहनों में गोलियां शीशे को भेद नहीं पाईं।



### पुंछ के परिसर में मिला ग्रेनेड तलाश जारी

पुंछ में जिला अस्पताल के आवासीय परिसर में कथित तौर पर ग्रेनेड मिलने के बाद एसओजी ने तलाशी अभियान चलाया। बताया गया है कि जिला अस्पताल पुंछ अधिकारियों के क्वार्टर क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### तत्काल बड़ी कार्रवाई समय की मांग

जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमले चिंता का विषय हैं। तत्काल कार्रवाई समय की मांग है। कथित तौर पर पाकिस्तानी सेना के कुछ नियमित सैनिक जम्मू क्षेत्र के कुछ स्थानीय आतंकियों की मदद से जम्मू क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों से हमला करवा रहे हैं। इनके साथ कुछ ऐसे आतंकी भी हैं, जो जम्मू संभाग के रहने वाले हैं और पाकिस्तान में बसे हुए हैं। आतंकी पठान लड़ाके हैं।

**एसपी वैद,** पूर्व डीजीपी

## ब्रिटेन में हिंसा भड़की!

# पुलिस पर हमला, दंगाइयों ने गाड़ियों को किया आग के हवाले

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के लीड्स शहर में दंगा भड़क गया। दंगाइयों ने एक डबल डेकर बस में आग लगा दी और एक पुलिस की गाड़ी पलट दी। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी शहर के बीच मध्य में जुट हुए और फिर जमकर बवाल काटा। दंगाइयों ने एक बस को आग लगा दी और पुलिस वाहनों पर भी हमला किया। सोशल मीडिया फुटेज में भीड़ को पुलिस की गाड़ी पर हमला करते हुए दिखाया गया है। इसके आम लोगों की गाड़ियों की खिड़कियों को तोड़ दिया गया। फिर उसे पलट दिया गया। हिंसा में सैकड़ों निवासियों ने पुलिस की गाड़ियों पर पत्थर और ईंट फेंकते हुए अधिकारियों से झड़प की।



### राहत की बात, कोई घायल नहीं हुआ

इन दंगों का कारण स्थानीय चाइल्ड केयर एजेंसी की तरफ से बच्चों को उनके माता-पिता से अलग कर चाइल्ड केयर होम में रखना बताया जा रहा है। इसी के विरोध में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर गए हैं। प्रदर्शनकारियों में कुछ बच्चे भी शामिल थे। लेकिन जल्द ही भीड़ उग्र हो गई और देखते ही देखते दंगा होने लगा।

## एनसीओआरडी की बैठक में बोले गृहमंत्री अमित शाह

# भारत में ड्रग्स रोकने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ड्रग्स तस्करी के खिलाफ अभियान में आम जनता की सहभागिता बढ़ाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' लांच किया। इस हेल्पलाइन की मदद से कोई भी व्यक्ति ड्रग्स की तस्करी से संबंधित जानकारी एजेंसियों के साथ साझा कर सकता है।




### 'मानस' हेल्पलाइन लॉन्च

'मानस' हेल्पलाइन को लॉन्च करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस पर तीन तरह से आम लोगों को ड्रग्स की तस्करी से संबंधित सूचना साझा करने की सुविधा दी गई है। इनमें एक 1933 हेल्पलाइन नंबर है, जिस पर फोन कर जानकारी दी जा सकती है।

### एजेंसियां ड्रग्स नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करें

नशा मुक्त भारत के मोदी सरकार के संकल्प को दोहराते हुए अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सभी एजेंसियों का लक्ष्य सिर्फ ड्रग्स का उपयोग करने वालों को पकड़ने का नहीं, बल्कि इसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने का होना चाहिए। ड्रग्स की सप्लाई के मामले में कठोर, ड्रग्स की मांग करने के मामले में रणनीतिक और ड्रग्स के नुकसान को कम करने के मामले में मानवीय दृष्टिकोण से काम करना होगा।

### आपसी तालमेल के साथ होगी कार्रवाई

शाह ने कहा कि इस पर मिलने वाली जानकारी को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा और उसके आधार पर एजेंसियां आपसी तालमेल के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि मानस हेल्पलाइन का विस्तार सभी राज्यों में होने के बाद एजेंसियों के बीच सहयोग और समन्वय अगले स्तर पर पहुंच जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109